10 जोकोविच....



12 दीपिका पादूकोण...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -25 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# ऑस्ट्रेलिया में प्रवासी भारतीयों से बोले पीएम मोदी - हम दूध में चीनी की तरह हैं, जहां जाते हैं प्यार और अच्छाई बांटते हैं

**एजेंसी**



**मेलबर्न।** मेलबर्न में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम भारतीय दूध में चीनी की तरह हैं. हम जहां भी जाते हैं, प्यार और अच्छाई फैलाते हैं. उन्होंने कहा कि आपके घरों में दूध ऑस्ट्रेलियन हो सकता है, लेकिन चाय इंडियन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरे चायवाला कहने पर भीड़ ने मोदी, मोदी के नारे से पूरा परिसर गूंज उठा.

### भारत में 'भजन क्लबिंग' के नए ट्रेंड

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपने भारत में 'भजन क्लबिंग' के नए ट्रेंड के बारे में सुना होगा. इसे हमारी Gen Z (नई पीढ़ी) आगे बढ़ा रही है. यहां ऑस्ट्रेलिया में भी, मैंने सुना है कि आपके वीकेंड आस्था और आध्यात्मिकता से भरे होते हैं. चाहे किसी के घर पर भगवान सत्यनारायण की कथा हो, गुरुद्वारे में अरदास हो, बच्चे भांगड़ा या भरतनाट्यम कर रहे हों, या कोई क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा हो, और अब, इंडियन फिल्म फेस्टिवल भी यहां आ गया है. यह कुछ ही दिनों में मेलबर्न में शुरू होने वाला है. मैं इसके सफल आयोजन के लिए पहले से ही शुभकामनाएं देता हूँ.

### भारतीय समुदाय से बोले- शिक्षा और नवाचार में बढ़ रही है नई साझेदारी

मेलबर्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की बात कही. उन्होंने बताया कि हजारों भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि अब ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटियां भी भारत में अपने कैंपस खोल रही हैं. उन्होंने कहा कि डीकिन और वोलोंगोंग विश्वविद्यालय भारत में अपनी शुरूआत कर चुके हैं और कई अन्य विश्वविद्यालय भी इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं.

### भारत-ऑस्ट्रेलिया की दोस्ती दोनों देशों के लिए फायदेमंद

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने हाथ मिलाकर और गले लगकर दोनों देशों की मजबूत दोस्ती का संदेश दिया. पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया जो भी कदम साथ मिलकर उठाते हैं, उससे दोनों देशों को लाभ होता है. उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार समझौते को इस सहयोग का उदाहरण बताया. प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है. उन्होंने बताया कि अब एक भारतीय निजी स्पेस स्टार्टअप पहली बार अपने स्वयं के रॉकेट से उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी में है. उन्होंने शिक्षा, कौशल विकास और इनोवेशन के क्षेत्र में भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग को भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है.

### दुनिया के संकट में सबसे पहले मदद के लिए खड़ा होता है भारत

पीएम मोदी ने कहा कि भारत जब भी किसी देश की मदद करता है तो वह पासपोर्ट या रंग नहीं देखता, बल्कि इंसानियत को प्राथमिकता देता है. उन्होंने कहा कि हाल ही में वेनेजुएला में आए भीषण भूकंप के बाद भारत ने तुरंत राहत सामग्री, विशेषज्ञों और मेडिकल टीमों को भेजा. इससे पहले तुर्किये, सीरिया, म्यांमार और श्रीलंका जैसे देशों में भी भारत ने तेजी से राहत अभियान चलाकर दुनिया का भरोसा जीता. पीएम मोदी ने कहा कि भारत जितना मजबूत होगा, पूरी मानवता को उसका उतना ही लाभ मिलेगा.

# झारखंड में 82.11% मतदाताओं की मैपिंग पूरी, अनमैप्ड वोटरों की सूची वेबसाइट पर जारी

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाताओं की मैपिंग और इन्यूमरेशन फॉर्म वितरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य में अब तक 82.11 प्रतिशत (2,17,27,827) मतदाताओं की विगत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की मतदाता सूची से सफलतापूर्वक मैपिंग कर ली गई है, जबकि 17.89 प्रतिशत (47,35,409) मतदाता अभी भी अनमैप्ड हैं. उन्होंने बताया कि अनमैप्ड मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा कर दी गई है. साथ ही यह सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दी गई है, ताकि संबंधित मतदाता अपनी जानकारी का सत्यापन कर सकें.

के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) आपसी समन्वय के साथ घर-घर पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं. अभियान के पहले 10 दिनों में ही बीएलओ 66.25 प्रतिशत यानी 1,75,31,915 मतदाताओं तक पहुंचकर उन्हें इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध करा चुके हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विगत एसआईआर की मतदाता सूची को 'सुपीरियर डॉक्यूमेंट' माना गया है. जिन मतदाताओं की मैपिंग पहले की एसआईआर सूची से हो चुकी है, उन्हें किसी अतिरिक्त दस्तावेज को जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी.

**बीएलओ ने 66.25 प्रतिशत मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म कराया उपलब्ध**



उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि इन्यूमरेशन फॉर्म भरते समय विगत एसआईआर से संबंधित मैपिंग का विवरण अवश्य अंकित करें और भरे हुए फॉर्म को समय पर बीएलओ को सौंप दें, ताकि डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा सके. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना है. इसके लिए निर्वाचन आयोग सभी संबंधित पक्षों के सहयोग से पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से अभियान संचालित कर रहा है.

# झारखंड को 'माइंस' से 'माइंड्स' की ओर ले जाना हमारा संकल्प : हेमंत सोरेन

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्य में नवाचार एवं शोध के संस्थानों का स्वागत है। राज्य के समग्र विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर समग्र रूप से कार्य करते हुए नई तकनीकी नवाचार के बल पर राज्य को रिसर्च एवं इनोवेशन के हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य के साथ झारखंड को सतत प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ना है। वे आज नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत, तकनीकी विशेषज्ञों, निवेशकों, टूरिज्म पार्टनर्स और नीति निमार्ताओं को संबोधित करते हुए झारखंड के समग्र और दीर्घकालिक विकास का एक नया विजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड सरकार द्वारा डिजिटल गवर्नेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख औद्योगिक घरानों और वैश्विक संस्थाओं (जैसे– जिंदल ग्रुप, वरुण बेवरेजेस, टाटा समूह, गूगल, ईज माय ट्रिप, जनरल स्टील, पावर न्यूक्लियर आदि) के साथ कुल चौदह (14) महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए और कई विभागों की ड्राफ्ट नीतियों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक रूप से झारखंड की पहचान खनिज संपदा से रही है, लेकिन अब वक्त आ गया है कि राज्य अपनी बौद्धिक क्षमता और तकनीकी नवाचार के बल पर आगे बढ़े। राज्य को रिसर्च, इनोवेशन और नए आइडियाज का केंद्र बनाना सरकार की प्राथमिकता है।





### समझौता नहीं, यह उपलब्धि है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विभिन्न संस्थाओं के साथ किए गए एमओयू सिर्फ कागजी समझौते नहीं, बल्कि राज्य के उज्ज्वल भविष्य की उपलब्धियां हैं। ये नीतियां नहीं, बल्कि झारखंड के विकास की नई संभावनाएं हैं।

### लॉन्ग-टर्म पार्टनरशिप और समयबद्ध कार्यान्वयन

राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार शॉर्ट-टर्म योजनाओं के बजाय 'लॉन्ग-टर्म पार्टनरशिप' पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को एक निश्चित समय सीमा के भीतर धरातल पर उतारा जाए।

### आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ना

मुख्यमंत्री ने जियाडा के नियमों में आदिवासी समूह के लिए 25% रियायत के प्रावधान का उल्लेख करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बात पर पुनर्विचार किया जाए कि इसे बढ़ाकर 50% तक कैसे किया जा सकता है, ताकि राज्य की आत्मा यानी हमारे आदिवासी समाज को विकास के मुख्य रास्ते से जोड़ा जा सके।

### संवाद की कमी को दूर करने का प्रयास

उन्होंने स्वीकार किया कि अतीत में बेहतर कम्युनिकेशन की कमी के कारण झारखंड की क्षमताएं दुनिया के सामने पूरी तरह नहीं आ पाईं। सरकार अब इस गैप को खत्म कर देश-विदेश के निवेशकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, केंद्रीय मंत्रियों, तकनीकी विशेषज्ञों और निवेशकों का आभार व्यक्त करते हुए 'जोहार' के साथ अपने संबोधन का समापन किया और झारखंड के विकास में सहभागी बनने का आमंत्रण दिया।

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**नंद कुमार राम**
**अंचल अधिकारी लातेहार**

**संघर्ष ही जीवन का असली सार है, क्योंकि जितना कठिन संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी। अपने सपनों को सच करने के लिए अवसरों की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अपने कर्म और मेहनत से उन्हें बनाएं। अपनी ऊर्जा और योजनाओं को गुप्त रखें, और परिणामों के माध्यम से अपनी सफलता का शोर मचाएं।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **76,503.60**
निफ्टी :- **23,882.05**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **30** °
न्यूनतम तापमान : **23** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:10**
संध्या :- **18:39**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1962 को दुनिया का पहला संचार उपग्रह 'टेलस्टार' (Telstar) अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया।**

## संक्षिप्त समाचार

### एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की तीन खदानों को 5 स्टार रेटिंग; पकरी-बरवाडीह पहले स्थान पर

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए कोयला मंत्रालय के कोयला नियंत्रक कार्यालय (सीसीओ) द्वारा की गई ओपन कास्ट कोयला खदानों की स्टार रेटिंग में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कंपनी की तीन खदानों को खनन कार्यों में बेहतरीन सुरक्षा के लिए 5 स्टार रेटिंग मिली है। पकरी–बरवाडीह, दुलंगा और तलाईपल्ली, तीनों खदानों को 5 स्टार रेटिंग मिली है। देश भर की 5 स्टार रेटिंग वाली खदानों में पकरी–बरवाडीह पहले स्थान पर रही, दुलंगा को 5वाँ स्थान और तलाईपल्ली को 8वाँ स्थान मिला। एनएमएल की खदानें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, पकरी–बरवाडीह लगातार दो साल से 5 स्टार रेटिंग सूची में पहले स्थान पर रही और दुलंगा को लगातार छह साल से 5 स्टार रेटिंग मिल रही है। कोयला खदानों की स्टार रेटिंग हर साल सीसीओ द्वारा की जाती है, ताकि देश की सभी कोयला और लिग्नाइट खदानों में सुरक्षित तरीके अपनाने को बढ़ावा मिले। ये नतीजे एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लगातार प्रयासों को दशार्ते हैं।

### ईडी ने कमलेश सिंह की 85 करोड़ की 66 एकड़ जमीन जब्त की

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह की 66 एकड़ जमीन जब्त करने कर ली है. जब्त की गयी जमीन की कीमत 85 करोड़ रुपये आंकी गयी है. उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह द्वारा जमीन की गयी खरीद बिक्री की जांच के दौरान यह पाया था कि उनके कांके अंचल और नगड़ी अंचल में 66 एकड़ जमीन का फर्जी दस्तावेज बना रखा था. इसमें से कुछ जमीन उसने बेच दी है. बाकी जमीन की खरीद बिक्री अभी नहीं हो सकी है. ईडी द्वारा इससे पहले जांच के बाद कमलेश सहित अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है.











# समाज कल्याण विभाग की विभिन्न इकाइयों का संयुक्त औचक निरीक्षण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत, एवं उप विकास आयुक्त आशीष के द्वारा संयुक्त रूप से समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न सामाजिक कल्याण संस्थाओं एवं कार्यालयों का विस्तृत औचक निरीक्षण किया गया। इस उच्चस्तरीय निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सरकारी व गैर-सरकारी अनुदानित संस्थाओं में रह रहे बच्चों, वृद्धों एवं दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं की धरातलीय स्थिति का मूल्यांकन करना तथा प्रशासनिक कमियों को दूर करना था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने समाज कल्याण कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU), वात्सल्य गृह (बाल्यालय धाम), बालिका गृह, वृद्धाश्रम, रामगढ़ चाइल्ड हेल्पलाइन तथा स्पैस्टिक विद्यालय, सुकरीगढ़ा लारी का सघन दौरा किया। निरीक्षण के उपरांत व्यवस्थाओं को और



अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाने के लिए निम्नलिखित कड़े निर्देश जारी किए गए हैं

**वात्सल्य सदन हेतु भूमि चयन**
अंचल अधिकारी (CO), रामगढ़ को निर्देशित किया गया है कि वे चयनित जमीन का नक्शा (Map), जमीन की प्रकृति, रास्ता तथा किसी अन्य विभाग से जुड़े स्वामित्व की जांच कर आगामी 02 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट समर्पित करें। उक्त भूमि का वात्सल्य सदन हेतु उचित आरेख (Proper Diagram) के साथ हस्तांतरण सुनिश्चित करने तथा मॉडल एस्टीमेट के साथ DMFT (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) से सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को अविलंब प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।CO रामगढ़ को स्पष्ट हिदायत दी गई कि वे सुनिश्चित करें कि यह जमीन पुलिस लाइन की भूमि के साथ किसी भी परिस्थिति में ओवरलैप न करे।

**वृद्धाश्रम व्यवस्था का सुदृढ़ीकरणः** वृद्धाश्रम के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे सूचना पट्ट की त्वरित मरम्मत करने तथा नई सूचनाओं व छायाचित्रों के साथ उसे नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया गया।आवासित वृद्धों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्नानघर, शौचालय, खिड़की एवं रसोईघर की आवश्यक मरम्मत कराने, खिड़कियों में जाली लगाने और पूरे परिसर को पूर्णतः स्वच्छ रखने को कहा गया। परिसर की सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी (CCTV) कैमरे स्थापित करने तथा सभी आवासियों के लिए अलग-अलग व्यवस्थित रजिस्टर संधारित करने का निर्देश दिया गया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे आश्रम के स्टाफिंग पैटर्न एवं फंडिंग विवरण की सघन जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके साथ ही प्रत्येक माह सदर अस्पताल के डॉक्टरों से अनिवार्य स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने तथा आपातकाल हेतु 247 ड्राइवर की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

**वात्सल्य धाम (बालगृह) में जन-सुविधाएं एवं सुधारः**
भवन की सीढ़ियों एवं छतों की अविलंब मरम्मत कराने, बाथरूम में जेट स्प्रे लगवाने तथा कमरों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था हेतु पारंपरिक बल्बों के स्थान पर ट्यूबलाइट (Tube-light) लगाने के निर्देश दिए गए।18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके संस्थान के बालक आलोक कुमार को स्वावलंबी बनाने हेतु ITI में नामांकन कराने तथा उसके आवश्यक फिजियोथेरेपी उपचार हेतु सिविल सर्जन कार्यालय/PMJAY के माध्यम से अविलंब इंडेंट तैयार करने का निर्देश दिया गया। संस्थान के प्रतिभावान बच्चों को जिला स्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से प्रशस्ति-पत्र वितरित कराने तथा उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को मुख्यधारा के समाचार पत्रों में प्रकाशित कर उनका मनोबल बढ़ाने का निर्देश दिया गया।बच्चों और वृद्धों के बीच प्रतिदिन 01 घंटे का संयुक्त भजन पाठ आयोजित करने तथा विशेष त्यौहारों पर सामूहिक गतिविधियों का आयोजन कर उसकी तस्वीरों को प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रत्येक माह DSWO/DCPO को औचक निरीक्षण करने तथा उळढड को विशेष रूप से रात्रि कालीन औचक जांच करने का आदेश दिया गया।

**चाइल्ड हेल्पलाइन (कोठार) का सुदृढ़ीकरण व स्थानांतरणः**
चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय की बाहरी दीवार पर स्पष्ट रूप से कार्यालय का नाम अंकित करने तथा सभी तैनात कर्मियों को अनिवार्य रूप से पहचान पत्र (ID Card) धारण करने का निर्देश दिया गया। मई एवं जून माह में प्राप्त कुल मामलों, उनके निष्पादन और लंबित मामलों का एक विस्तृत समीक्षात्मक प्रतिवेदन अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय को अधिक सुलभ बनाने हेतु आगामी 15 दिनों के भीतर अनुमंडल कार्यालय, रामगढ़ के भवन में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि चाइल्ड लाइन के कर्मी जिले के सभी स्कूलों हेतु एक रोस्टर तैयार कर सप्ताह में 02 दिन अनिवार्य रूप से जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेंगे।

**बालिका गृह (डिवाइन ओंकार मिशन, टायफोड) संबंधी निर्देशः**
निरीक्षण के दौरान संस्थान में उपस्थित पाई गईं दो बालिकाओं के परिजनों की जानकारी प्राप्त होते ही, DCPO को निर्देश दिया गया कि वे नियमानुसार अविलंब दोनों बच्चियों को उनके परिवार से मिलाने की प्रक्रिया पूर्ण करें। संस्था द्वारा भविष्य में बालिका गृह का संचालन न करने की इच्छा जताए जाने पर, उपायुक्त महोदय ने नई सक्षम संस्था के चयन हेतु एक पारदर्शी प्रस्ताव आमंत्रित करने हेतु संक्षिप्त विवरणिका (Prospectus) उपस्थापित करने का निर्देश दिया।

**स्पैस्टिक विद्यालय (सुकरीगढ़ा लारी) का कायाकल्पः**
DSWO रामगढ़ को उक्त विद्यालय का संचालन कर रही संस्था 'राजम्य विकलांग सेवा समिति' के उपनियमों (Bylaws) का गहन अध्ययन करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय की वित्तीय स्थिति की समीक्षा हेतु मार्च 2026 तक प्राप्त हुई कुल सरकारी/गैर-सरकारी राशि का विधिवत ऑडिट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण में पाई गई कमियों, जैसे- साफ-सफाई का अभाव और बिजली उपकरणों की खराब स्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए संस्थान के सचिव से स्पष्टीकरण (Show Cause) तलब करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार एवं आवश्यक उपकरण सामग्री की आपूर्ति हेतु DSWO कार्यालय को प्राक्कलन/DPR में आवश्यक सुधार करने को कहा गया, ताकि इस केंद्र को एक उच्चस्तरीय स्पैस्टिक विद्यालय (Divyang School) के रूप में विकसित किया जा सके। जिला प्रशासन रामगढ़ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों, अनाथ बच्चों, वृद्धों एवं दिव्यांगों के कल्याण और सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान दिए गए सभी निर्देशों का अनुपालन तय समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व संस्थाओं के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## वरिष्ठ कांग्रेसी जयप्रकाश सिंह ननकी बने रामगढ़ विधानसभा के प्रभारी



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पतरातू:** वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी को रामगढ़ विधानसभा का प्रभारी नियुक्त करने पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव कमलेश महतो व रामगढ़ की जिला अध्यक्ष सह विधायक ममता देवी के प्रति आभार व्यक्त किया है। जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि संगठन के द्वारा जो भी जवाबदेही तय की गयी है उसे पुरी ईमानदारी व निष्ठा पुर्वक पूर्ण करने का प्रयास करुंगा। उनकी इस उपलब्धि पर बढ़िया का तांता लग गया। बधाई देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल,रूचन पाण्डेय,प्रेम विश्वकर्मा, सुजित पटेल,लखन राम, रामाकांत दुबे,असगर अली,युनुस राय, बालेश्वर बेदिया, संतोष साव, हरिदास साव, मुस्तफा अंसारी,सपन दास, सुभाष यादव आदि ने बधाई दी है।

## पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का सफल समापन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**लोहरदगाः** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के निर्देशन में झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा द्वारा संचालित पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत डायट, चिरी में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय गैर-आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 6 से 9 जुलाई तक आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी 50 पलाश बहुभाषी शिक्षा हस्तक्षेप विद्यालयों के चयनित शिक्षकों ने दो बैचों में भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन), प्रभावी कक्षा-शिक्षण, बहुभाषी शिक्षण रणनीतियों




तथा संशोधित पलाश शिक्षण-सामग्रियों के प्रभावी उपयोग के लिए दक्ष बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संशोधित पलाश पाठ्यपुस्तकों, कार्यपु स्तिकाओं, शिक्षक संदर्शिका, वार्षिक योजना, दैनिक पाठ योजनाओं, उच्च प्रभावी शिक्षण रणनीतियों (ळक्ळ्ठर), सतत एवं व्यापक मूल्यांकन, समूह आधारित अधिगम तथा भाषा एवं गणित के एकीकृत शिक्षण का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।समापन समारोह में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती मोनीदीपा बनर्जी ने शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में सीखी गई शिक्षण पद्धतियों, शिक्षक संदर्शिका, वार्षिक योजना और दैनिक पाठ योजनाओं का विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगामी सावधिक आकलन एवं मिडलाइन असेसमेंट में लोहरदगा जिला बेहतर प्रदर्शन कर सके।अंतिम दिन शिक्षकों के अधिगम का मूल्यांकन करने के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली श्रीमती सोवित तिर्की को प्रथम, श्री राजकिशोर उरांव को द्वितीय तथा श्री बुधराम उरांव को तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों ने श्रमदान करते हुए डायट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया। उल्लेखनीय है कि झारखंड में पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के प्रभावी संचालन में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (छछत्र) का महत्वपूर्ण तकनीकी एवं शैक्षणिक सहयोग प्राप्त हो रहा है। चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला कार्यक्रम समन्वयक निखिल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके समन्वय में शिक्षा विभाग, डायट एवं सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से प्रशिक्षण का सफल संचालन किया गया।

## तलाटांड उत्क्रमित विद्यालय में बच्चे एवं बच्चियां करने का ले रहे हैं प्रशिक्षण

**पतरातू:** तलाटांड़ उत्क्रमित विद्यालय के बच्चे एवं बच्चियों को कराटे को विधिवत्त प्रशिक्षण कराटे फेडरेशन ऑफ शोतो कान सह मॉडर्न मार्शल आट्र्स कराटे डो फेडरेशन के झारखंड के चीफ सेंसी विकास पाठक की देखरेख में सीनियर कराटे प्रशिक्षक रविशंकर कुमार एवं सरगम कुमार के द्वारा लगातार दिया जा रहा है। जहां बच्चे भी पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कराटे का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित कुमार ने कहा कि कराटे आज के समय में सभी लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी है। खासकर बच्चियों के लिए इससे बेहतर तो कुछ हो ही नहीं सकता है। जिसके माध्यम से वह अपनी तथा समाज की रक्षा करना सीख पाती है। सेंसी विकास पाठक एक मंझे हुए और विश्व रिकॉर्ड धारी प्रशिक्षक हैं और ऐसे प्रशिक्षक से हमारे बच्चों को लगातार प्रशिक्षण मिल रहा है यह हमारे विद्यालय के लिए और हमारे बच्चों के लिए गर्व की बात है। वह निरंतर हमारे विद्यालय में कराटे का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं।

## सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी संग ग्रामीणों ने रेल मंडल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**पतरातू:** प्रखंड अंतर्गत ग्राम किरीगड़ा,टेरपा,टोकीशुद् एवं सांकुल के ग्रामीणों ने रेल मंडल संसदीय समिति के बैठक में मंडल प्रबंधक धनबाद को गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा एक ज्ञापन सौंपा । जिसमें ग्रामीणों द्वारा कहा गया है कि ग्राम किरीग्रह में रेलवे द्वारा एक नई रेलवे लाइन बिछाने की परियोजना एनटीपीसी पीवीयूएन पतरातू के लिए लाई गई है। उससे ग्राम किरीगड़ा के चारों ओर रेलवे लाइन से घिर जाएगी। गांव के सैकड़ो घर टूट जाएंगे। आस्था से जुड़े कई कई मंदिर, मठ एवं स्कूल टूट जाएगा। ग्रामीणों का जो मुख्य जीवो कोपार्जन खेती-बाड़ी है वो जमीन पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी। ग्रामीणों का जमीन आवश्यकता से अधिक अधिग्रहण में चला जाएगा। ग्रामीणों को एक गांव से दूसरे गांव का आवागमन पूरी तरह से बंद हो जाएगा। ग्रामीणों को मजबूर होकर गांव छोड़ना पड़ेगा।आगे ग्रामीण पहला सर्वे नक्शा के आधार पर काम करने का पुरजोर विरोध करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। वहीं विभाग द्वारा जो दूसरा सर्वे करवाया गया है। अगर विभाग दूसरा सर्वे का काम नक्शा के अनुसार करती है तो ग्रामीणों को कोई आपत्ति नहीं होगी। ग्रामीणों की सुविधा अनुसार रेल विभाग बैठकर सर्व समिति से परियोजना का कार्य कर सकती है। लेकिन पहला सर्वे नक्शा के आधार पर किसी भी कीमत पर नई रेलवे लाइन बिछाने की परियोजना का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। ज्ञापन सौपने वालों में मिथिलेश कुमार,इंद्रजीत कुमार,राहुल कुमार, अशोक पाठक,मौकेंद्र कुमार आदि के साथ कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## चेतना शाखा द्वारा मिशन कैंसर जाँच एवं अंगदान जागरूकता शिविर का सफल आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़ ।**मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट चेतना शाखा द्वारा अपने रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत ₹25 वर्षों की गौरवगाथा, एक नए स्वर्णिम अध्याय का शुभारंभ₹थीम के साथ पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ के सम्मान में मिशन कैंसर जाँच, जागरूकता एवं अंगदान जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम में डॉ. निधि बजाज ने उपस्थित महिलाओं एवं सदस्यों को कैंसर एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए ढउडऊ के लक्षण, कारण, बचाव एवं समय पर उपचार की आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न प्रकार के कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, संभावित कारण, आवश्यक सावधानियों तथा नियमित स्वास्थ्य जाँच के महत्व




पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि समय पर जागरूकता एवं कैंसर-रोधी टीकाकरण गंभीर बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम है।

शिविर के दौरान अंगदान जागरूकता अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों एवं महिलाओं को अंगदान के महत्व, प्रक्रिया तथा उससे जुड़े आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ₹अंगदान महादान है₹ का संदेश देते हुए बताया गया कि मृत्यु के उपरांत किया गया अंगदान अनेक जरूरतमंद मरीजों के लिए नया जीवन प्रदान कर सकता है। सभी उपस्थितजनों ने समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।जागरूकता सत्र से प्रेरित होकर अनेक महिलाओं ने कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन लगवाने की इच्छा व्यक्त की तथा कई महिलाओं ने शिविर के दौरान ही टीकाकरण भी कराया।कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं समर्पण के लिए डॉ. निधि बजाज को मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट चेतना शाखा की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शाखा की अनेक महिला सदस्य एवं गणमान्य महिलाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने समाज में स्वास्थ्य, कैंसर-निरोध एवं अंगदान के प्रति जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट चेतना शाखा भविष्य में भी समाजहित में ऐसे जनकल्याण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। मौके पर अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल,सचिव शिखा अग्रवालकोषाध्यक्ष सिद्धि जैन के अलावा शाखा के सभी सदस्या मौजूद थी।

## तलाटांड उत्क्रमित विद्यालय में बच्चे एवं बच्चियां कराटे का ले रहे हैं प्रशिक्षण



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पतरातू:** तलाटांड़ उत्क्रमित विद्यालय के बच्चे एवं बच्चियों को कराटे को विधिवत्त प्रशिक्षण कराटे फेडरेशन ऑफ शोतो कान सह मॉडर्न मार्शल आट्र्स कराटे डो फेडरेशन के झारखंड के चीफ सेंसी विकास पाठक की देखरेख में सीनियर कराटे प्रशिक्षक रविशंकर कुमार एवं सरगम कुमार के द्वारा लगातार दिया जा रहा है। जहां बच्चे भी पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कराटे का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित कुमार ने कहा कि कराटे आज के समय में सभी लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी है। खासकर बच्चियों के लिए इससे बेहतर तो कुछ हो ही नहीं सकता है। जिसके माध्यम से वह अपनी तथा समाज की रक्षा करना सीख पाती है। सेंसी विकास पाठक एक मंझे हुए और विश्व रिकॉर्ड धारी प्रशिक्षक हैं और ऐसे प्रशिक्षक से हमारे बच्चों को लगातार प्रशिक्षण मिल रहा है यह हमारे विद्यालय के लिए और हमारे बच्चों के लिए गर्व की बात है। वह निरंतर हमारे विद्यालय में कराटे का प्रशिक्षण देते आ रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने शत प्रतिशत टीबी रोगियों की पहचान करने का निर्देश दिया वहीं खनन प्रभावित क्षेत्र में टीबी उन्मूलन के उद्देश्य से विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल रामगढ़ के प्रभावी संचालन को लेकर उपायुक्त ने चिकित्सकों की तीन पालियों में ड्यूटी निर्धारित करने का निर्देश दिया। साथ ही बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं नर्स के लिए डॉक्टर ऑफ द मंथ व नर्स ऑफ द मंथ घोषित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जून माह में ओपीडी एवं सर्जरी से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों को अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने एवं आने तथा जाने दोनों समय उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले चिकित्सकों एवं कर्मियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा प्रसव पूर्व जांच के प्रतिशत में वृद्धि करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उनके द्वारा शिशु सुरक्षा कार्यक्रम में भी वृद्धि लाने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग में सुधार लाने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन को लेकर कांग्रेस सक्रिय, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कार्यकताओं को दिए निर्देश

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**पाकुड़:** जिला कांग्रेस कमेटी, पाकुड़ की ओर से गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (रक्रफ़) अभियान को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सरकार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मौजूद रहे। बैठक में जिला, प्रखंड, मंडल और पंचायत स्तर के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष और अद्यतन मतदाता सूची पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम





मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज होना आवश्यक है, ताकि सभी अपने मताधिकार का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें। उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं से घर-घर संपर्क अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे लोगों को एन्यूमरेशन फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता नाम जोड़ने, संशोधन या अन्य आवश्यक प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। उन्होंने प्रत्येक परिवार से समय पर गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करने की अपील भी की।

पूर्व मंत्री ने कहा कि एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2026 निर्धारित है। इसलिए नागरिक अंतिम समय का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द अपना फॉर्म जमा करें और अपने परिजनों व आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें।बैठक में एसआईआर अभियान को प्रभावी बनाने, बूथ स्तर पर संगठन की भूमिका मजबूत करने तथा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान में कांग्रेस कार्यकताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं तक पहुंचें और उन्हें गणना प्रपत्र भरने में हरसंभव सहयोग प्रदान करें। बैठक के अंत में कांग्रेस नेताओं ने नागरिकों से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समय सीमा के भीतर अपना एन्यूमरेशन फॉर्म संबंधित बीएलओ के पास जमा कर लोकतंत्र को और मजबूत बनाने में योगदान दें।

## सेन्हा प्रखंड में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर आयोजित, 63 आवेदन प्राप्त

**लोहरदगाः** परिवहन विभाग के निर्देश पर प्रखंड स्तर पर वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला परिवहन पदाधिकारी जया संखी मुर्मू के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया।शिविर में सेन्हा, अरु एवं बुटी पंचायत सहित अन्य पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों और वाहन चालकों ने भाग लिया। विभाग के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका नियमानुसार सत्यापन कर अनुज्ञप्ति जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।जिला परिवहन विभाग के कर्मियों ने बताया कि झारखंड सरकार के परिवहन मंत्रालय के निदेर्शानुसार जुलाई माह में प्रखंड स्तर पर पंचायतवार ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए जा



रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के वाहन चालकों को उनके निकट ही लाइसेंस बनवाने की सुविधा उपलब्ध कराना है।उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों को अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय या अन्य स्थानों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

शिविर में आशीष कुमार यादव, प्रमोद कुमार, बेजेड अंजुम, अनमोल केरकेट्टा सहित जिला परिवहन विभाग के कर्मी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भी शिविर का लाभ उठाया।

## डॉ. एस. राधाकृष्णन नर्सिंग कॉलेज को मिला एफिलिएशन, संस्थान में खुशी की लहर

**रामगढ़/रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिवार के लिए हर्ष का विषय है कि संस्थान की दूसरी इकाई डॉ. एस. राधाकृष्णन नर्सिंग कॉलेज को आधिकारिक रूप से एफिलिएशन प्राप्त हो गया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा।

महाविद्यालय के सचिव डॉ. संजय कुमार प्रभाकर ने इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व सचिव मनीष कुमार सहित संस्थान के सभी सदस्यों को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कॉलेज में जी.एन.एम. ए.एन.एम. पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा अपने निकट उपलब्ध होगी तथा उन्हें बेहतर रोजगार और सेवा के अवसर प्राप्त होंगे। महाविद्यालय के पूर्व सचिव मनीष कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का नया आयाम स्थापित करेगा तथा समाज को योग्य, प्रशिक्षित एवं संवेदनशील स्वास्थ्यकर्मी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों के सहयोग का परिणाम है। इस मौके पर बिरेश कुमार सर, प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा, व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे सहित कर्मचारी वारलेस मुंडा इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थान के उज्वल भविष्य की कामना की।

# खतरनाक हो चले 'डेविल्स ग्रुप' पर डीजीपी सख्त, चार जिलों की ज्वाइंट टीम करेगी कार्रवाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड के गोड्डा और दुमका जिले के आसपास इन दोनों एक नया आपराधिक गिरोह पांव पसार रहा है. डेविल्स ग्रुप के नाम से कुछ अपराधी आतंक फैलाने में लगे हुए हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्र ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधिकारियों को कई निर्देश दिए हैं.

**मुख्यालय में बुलाई बैठक, कार्रवाई के निर्देश**

गुरुवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय सभागार में गोड्डा और दुमका जिला एवं आसपास में सक्रिय डेविल्स ग्रुप से जुड़े अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए डीजीपी तदाशा मिश्र ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की. जिसमें आईजी अभियान नरेंद्र कुमार सिंह, आईजी दुमका पटेल मयुर कनैयालाल उपस्थित रहे. जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दुमका के पुलिस उप-महानिरीक्षक, दुमका के पुलिस अधीक्षक और गोड्डा के पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे. बैठक के दौरान डीजीपी ने आईजी दुमका और डीआईजी दुमका को डेविल्स ग्रुप से जुड़े सभी संदिग्ध सदस्यों का भौतिक सत्यापन कराने साथ ही ज्वेलरी लूट और छिनतई से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा कर उनके शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. साथ ही अवैध हथियारों की तस्करी रोकने और अंतर्राज्यीय समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया.

**ज्वाइंट टीम का गठन करने के निर्देश**

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि इस प्रकार के संगठित अपराधों के प्रभावी अनुसंधान एवं त्वरित उद्भेदन के लिए चार जिलों गोड्डा, दुमका, जामताड़ा और देवघर की सहभागिता से एक संयुक्त विशेष टीम (Joint Team) का गठन किया जाएगा. यह टीम पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में कार्य करेगी और संबंधित जिलों में घटित इस प्रकार की सभी घटनाओं का समन्वित अनुसंधान और उद्भेदन करेगी. संयुक्त टीम की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा रिपोर्ट पुलिस महानिरीक्षक, दुमका प्रक्षेत्र को उपलब्ध कराई जाएगी.

**गिरफ्तार अपराधियों को सजा दिलाएं**

पुलिस महानिदेशक ने पुलिस महानिरीक्षक, दुमका प्रक्षेत्र एवं पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), झारखंड को निर्देश दिया गया कि वे डेविल्स ग्रुप से जुड़े गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध वैज्ञानिक एवं ठोस साक्ष्य संकलित करें, गवाहों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, जमानतदार का सत्यापन कराया जाए तथा अभियोजन पक्ष के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर मामलों का स्पीडी ट्रायल कराया जाए, ताकि दोषियों को शीघ्र सजा (Conviction) दिलाई जा सके. साथ ही उन्होंने वरीय पदाधिकारियों को भी क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने, पीसीआर द्वारा सघन गश्ती करने का भी निर्देश दिया है.

# झारखंड में अब 'कचरे' से चमकेगी किस्मत! सरकार और यूनिसेफ की पहल, जानें क्या है 'वेस्ट टू वेल्थ' प्लान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड के ग्रामीण इलाकों की सूरत बदलने और कचरा प्रबंधन को एक नये स्तर पर ले जाने के लिए राज्य सरकार ने कमर कस ली है. राजधानी रांची के बीएनआर चाणक्य में आयोजित एक राज्य स्तरीय कार्यशाला में 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026' के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और यूनिसेफ के इस साझा प्रयास का मुख्य उद्देश्य कचरे को बोझ नहीं, बल्कि आय का साधन बनाना है. वेस्ट टू वेल्थ : कचरे से आजीविका और ऊर्जा पैदा करने पर जोर. नियम 2026 : ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को सख्ती से लागू करने की तैयारी. मोबाइल पर फोकस : स्रोत पर ही कचरे का पृथक्करण अनिवार्य. पंचायती राज की भूमिका : गांवों को मॉडल बनाने में ग्राम पंचायतों का होगा अहम रोल.

**कचरा अब बोझ नहीं, संसाधन है: मंत्री**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अब हमें कचरे को बोझ के रूप में देखना बंद करना होगा. उन्होंने 'वेस्ट टू वेल्थ' (कचरे से कंचन) और 'वेस्ट टू एनर्जी' (कचरे से ऊर्जा) जैसी पहलों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया. मंत्री महोदय ने स्पष्ट किया कि कचरे के पुनर्चक्रण, कंपोस्टिंग और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन से न केवल पर्यावरण बचेगा, बल्कि आर्थिक लाभ भी होगा.

**इन विभागों के बीच बनेगा तालमेल**

इस महत्वपूर्ण बैठक में केवल एक विभाग नहीं, बल्कि पेयजल एवं स्वच्छता, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, वन एवं पर्यावरण विभाग और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. अधिकारियों ने कहा कि 16वें वित्त आयोग के अनुदान, मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के बीच प्रभावी तालमेल से ही वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन संभव है.

# डीजीपी तदाशा मिश्रा ने रथ यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी रांची की ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह सतर्क है. इस क्रम में झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा गुरुवार को रांची स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और रथ यात्रा की तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया. डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ पूरे मंदिर क्षेत्र का जायजा भी लिया.

**हर प्रबंधन हो पुख्ता: डीजीपी**

राजधानी रांची में रथ यात्रा और रथ मेला को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है. गुरुवार को डीजीपी तदाशा मिश्र ने खुद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और दूसरे इंतजामों का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर, रथ यात्रा मार्ग, श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग, नियंत्रण कक्ष तथा संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण भी किया. निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने रांची पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों से सुरक्षा तैयारियों की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन दल और त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए.

**रथ यात्रा को लेकर सजग रहें पुलिस अधिकारी**

डीजीपी ने निरीक्षण के बाद मंदिर समिति के सदस्यों से भी बातचीत की और उनके सुझावों को सुना. इसके बाद डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर सुझाव को सुना जाए और जो कारगर हो उपसर काम भी करें. चूंकि रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है. ऐसे में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए गए. डीजीपी ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी, ड्रोन कैमरों के उपयोग और सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती के भी निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान रांची एसएसपी, सिटी एसपी सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे. अधिकारियों ने डीजीपी को रथ यात्रा के लिए की गई तैयारियों और सुरक्षा योजना की विस्तृत जानकारी भी दी.

# मंत्री ने किया झिरी डंपिंग यार्ड में बन रहे बायो गैस प्लांट का निरीक्षण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने झिरी डंपिंग यार्ड में बन रहे गेल इंडिया लिमिटेड के बायो गैस प्लांट व लेगेसी वेस्ट बायोरेमेडिएशन परियोजना का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान बायो गैस प्लांट की कार्यप्रणाली, जैविक कचरे से गैस उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में अवगत हुए. इस परियोजना से होने वाले पर्यावरण व स्वच्छ ऊर्जा संबंधी लाभों की जानकारी प्राप्त की. झिरी डंपिंग यार्ड में वर्षों से जमा लेगेसी वेस्ट के बायोरेमेडिएशन तकनीक से किए जा रहे वैज्ञानिक तकनीकी से कार्य का भी जायजा लिए. इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों से परियोजना के तकनीकी और संचालन संबंधी पहलुओं पर चर्चा की. मंत्री तोखन साहू ने दोनों परियोजनाओं की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है. इससे स्वच्छ, स्वस्थ और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा. परियोजनाओं को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता और नवीनतम तकनीकों के अनुरूप पूरा किया जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके और शहर में वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था और मजबूत हो. निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त संजय कुमार, सहायक नगर आयुक्त, पीएमसी टीम, गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारी और मेसर्स गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि मौजूद रहे.

# इटकी टीबी सेनेटोरियम पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, बदहाल व्यवस्थाओं पर जताई चिंता, सुधार का दिलाया भरोसा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने बुधवार को रांची के इटकी स्थित ऐतिहासिक टीबी सेनेटोरियम का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना और मरीजों को मिल रही चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर संस्थान की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के साथ व्यवस्थाओं में सुधार पर विस्तार से चर्चा की. निरीक्षण के बाद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ₹टीबी मुक्त भारत₹ का संकल्प तभी साकार होगा, जब देश के प्रमुख टीबी उपचार केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इटकी टीबी सेनेटोरियम राज्य का एक महत्वपूर्ण संस्थान है और इसे फिर से उसकी पुरानी पहचान दिलाने की आवश्यकता है. रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि वर्ष 1928 में स्थापित यह सेनेटोरियम कभी देश के प्रतिष्ठित टीबी उपचार संस्थानों में शामिल था. आज भी झारखंड के विभिन्न जिलों और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज यहां इलाज के लिए पहुंचते हैं. हालांकि, संसाधनों की कमी, पर्याप्त स्वास्थ्यकर्मियों का अभाव और आवश्यक सुविधाओं के अभाव के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता जताई कि वर्ष 2019 से संस्थान की डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब पड़ी है, जिससे टीबी मरीजों की जांच प्रभावित हो रही है. उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थान में वर्षों तक ऐसी स्थिति बने रहना दुर्भाग्यपूर्ण है. संजय सेठ ने अधिकारियों को संस्थान की सभी आवश्यकताओं का विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जा सके. उन्होंने भरोसा दिलाया कि टीबी सेनेटोरियम की आधारभूत संरचना को मजबूत करने, आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त झारखंड का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब प्रत्येक मरीज को समय पर जांच, गुणवत्तापूर्ण उपचार और पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों.

# झारखंड में निवेश बढ़ाने पर सिंगापुर के उच्चायुक्त से सीएम हेमंत की अहम वार्ता



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग वाई कुएन से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने झारखंड में निवेश, वैश्विक साझेदारी और औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की. बैठक में राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल, उभरते औद्योगिक क्षेत्रों, डिजिटल अर्थव्यवस्था, अवसंरचना विकास और भविष्य की निवेश संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ. मुख्यमंत्री ने झारखंड की प्राकृतिक संपदा, कुशल मानव संसाधन और उद्योगों के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए सिंगापुर की कंपनियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया. दोनों पक्षों के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने, नई तकनीकों के आदान-प्रदान और दीर्घकालिक वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी.

# रांची की हवा पर अब रहेगी डिजिटल नजर, एक्यूआई मशीन बताएगी कब सांस लेना हो सकता है खतरनाक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** राजधानी रांची की आबोहवा पर अब तकनीक की पैनी नजर रहेगी. शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण की निगरानी और लोगों को रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रांची नगर निगम के सहयोग से शहर के कई प्रमुख स्थानों पर एयर क्वालिटी इंडेक्स मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित किए हैं. ये अत्याधुनिक मशीनें हवा में मौजूद प्रदूषकों का लगातार विश्लेषण कर रही हैं और उसके आधार पर एयर क्वालिटी इंडेक्स जारी किया जा रहा है, जिससे आम नागरिक यह जान सकेंगे कि शहर की हवा उनके स्वास्थ्य के लिए कितनी सुरक्षित है. गुरुवार दोपहर जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार ,रांची का अदक 106 दर्ज किया गया, जिसे 'Poor' (खराब) श्रेणी में रखा गया है. मशीन ने हवा में PM2.5 का स्तर 38 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और PM10 का स्तर 48 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रिकॉर्ड किया. इसके अलावा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO2) 92 ppb, कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) 35 ppb, ओजोन (O3) 32 ppb तथा सल्फर डाइऑक्साइड (SO2) 2 ppb दर्ज की गई.

विशेषज्ञों के अनुसार, PM2.5 और NO2 का बढ़ता स्तर श्वसन संबंधी मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए चिंता का विषय हो सकता है. एयर क्वालिटी मॉनिटर एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जो वातावरण में मौजूद सूक्ष्म धूल कणों के साथ-साथ कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और ओजोन जैसी गैसों की मात्रा का लगातार मापन करता है. यह मशीन तापमान, आर्द्रता और अन्य मौसम संबंधी आंकड़े भी रिकॉर्ड करती है. प्रदूषण का स्तर तय सीमा से अधिक होने पर यह सिस्टम तुरंत अलर्ट जारी करता है, जिससे संबंधित विभाग और आम लोग समय रहते सतर्क हो सकें. नगर निगम का कहना है कि इन मशीनों से प्राप्त आंकड़ों की मदद से शहर के उन क्षेत्रों की पहचान की जा सकेगी, जहां प्रदूषण का स्तर अधिक रहता है. इसके आधार पर धूल नियंत्रण, सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव, निर्माण कार्यों की निगरानी, कचरा जलाने पर रोक और हरित क्षेत्र बढ़ाने जैसे कदम अधिक प्रभावी ढंग से उठाए जा सकेंगे. साथ ही नागरिक भी मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने क्षेत्र की वायु गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर मास्क का उपयोग, बाहरी गतिविधियों में कमी तथा अन्य सावधानियां अपना सकेंगे.

# झारखंड पुलिस के 153 आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी, कमेटी ने लगाई मुहर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्र के निर्देश पर झारखंड पुलिस के दिवंगत पुलिस अफसरों और पुलिसकर्मियों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की स्वीकृति प्रदान की गई है. इसके तहत 153 आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी प्रदान की जाएगी. इस निर्णय से झारखंड पुलिस सेवा के दौरान दिवंगत हो चुके पुलिसकर्मियों के परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी. डीजीपी तदाशा मिश्रा के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय में अनुकंपा समिति की महतवपूर्ण बैठक हुई. इसमें कुल 153 आश्रितों को पुलिस विभाग के अलग-अलग पदों पर नौकरी देने का फैसला किया गया. इसका मकसद सर्विस के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारों को एक सम्मानजनक आजीविका और सहारा देना है. झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार कुल 163 मामलों पर बैठक में चर्चा हुई. जिसमें चार मामलों को विभिन्न कारण से होल्ड पर रखा गया है. वहीं तीन मामलों को नियमानुसार नहीं पाए जाने पर अस्वीकार किया गया है. अनुकंपा समिति की बैठक एडीजी मुख्यालय मनोज कौशिक की अध्यक्षता में की गई थी. इस समिति में जैप डीआईजी कार्तिक एस, स्पेशल ब्रांच के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा, सीआईडी डीआईजी चंदन कुमार झा और एसपी (गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा) बतौर सदस्य शामिल हुए. कमेटी के फैसले के बाद कुल 153 युवाओं को उनकी योग्यता के हिसाब से पदों पर नियुक्त किया गया है. इनमें 66 कॉन्स्टेबल, 62 बाल आरक्षी, 24 महिला आरक्षी और एक फायरमैन ड्राइवर शामिल हैं.

# रांची में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी, प्रभावितों का प्रदर्शन, नगर आयुक्त बोले- सरकारी भूमि पर बर्दाश्त नहीं कब्जा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी में रांची नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है. सड़क किनारे लगने वाले साप्ताहिक हाट-बाजार, फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले ठेला और खोमचा संचालकों से लेकर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किए गए निर्माण तक, निगम की एनफोर्समेंट टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. निगम का दावा है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

**निगम मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन**

हालांकि, निगम की इस कार्रवाई से प्रभावित लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है. पिछले कई दिनों से मोरहाबादी साप्ताहिक सब्जी बाजार के दुकानदारों के साथ-साथ हरमू और शहर के दूसरे इलाकों के प्रभावित लोग अपनी समस्याओं को लेकर रांची नगर निगम कार्यालय का रुख कर रहे हैं. निगम मुख्यालय के बाहर लगातार धरना-प्रदर्शन का दौर जारी है. इसी क्रम में गुरुवार को पंडरा क्षेत्र के अतिक्रमण से प्रभावित लोगों ने नगर निगम कार्यालय के समक्ष धरना दिया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे सालों से उसी स्थान पर अपनी दुकान लगाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं. उनका आरोप है कि एक ओर जनप्रतिनिधियों की ओर से उन्हें दुकान लगाने का आश्वासन दिया जाता है जबकि दूसरी ओर ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की टीम उन्हें हटाने पहुंच जाती है.

**फुटकर विक्रेताओं के सामने रोजी रोटी का संकट**

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने दावा किया है कि मेयर की ओर से उन्हें दुकान लगाने का निर्देश दिया गया था. साथ ही रांची के सांसद संजय सेठ ने भी मौखिक रूप से कारोबार जारी रखने की बात कही थी. इसके बावजूद निगम और ट्रैफिक प्रशासन लगातार उन्हें हटाने की कार्रवाई कर रहा है. उनका कहना है कि बार-बार हटाए जाने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है और परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है. प्रभावित लोगों ने नगर निगम से स्थाई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है. इस पूरे मामले पर रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने साफ किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कानूनन स्वीकार्य नहीं है. उन्होंने कहा, सरकारी जमीन पर बैठना या व्यवसाय करना अवैध है और इसकी अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती. नगर निगम का उद्देश्य शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना है. सड़क और सार्वजनिक स्थान आम लोगों के उपयोग के लिए हैं, इसलिए उन पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

# जोन्हा फॉल के निकट सड़क पक्कीकरण केस : हाईकोर्ट ने दिया 6 माह में काम पूरा करने का आदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जोन्हा फॉल के निकट कच्ची सड़क मसरीजारा से हेसलाबेड़ा तक करीब 1.8 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की. मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को 6 माह में उक्त सड़क का काम पूरा करने का निर्देश दिया. साथ ही 21 जनवरी 2027 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने कहा कि अगर प्रस्तावित सड़क 6 माह में प्रस्तावित सड़क पूरा नहीं होता है तो ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव जिम्मेदार होंगे. खंडपीठ ने याचिका निष्पादित कर दी. इससे पहले रेलवे की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसने प्रस्तावित सड़क के प्लान पर ठडउ दे दिया है. केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं शिवानी जालूका ने पक्ष रखा. वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता विभोर मयंक ने पक्ष रखा. पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि प्रस्तावित सड़क का विस्तृत ले आउट प्लान बना लिया गया है. उसे अनुमोदन के लिए रेलवे को भेजा गया है. जिसपर खंडपीठ ने प्रस्तावित सड़क का विस्तृत लेआउट प्लान पर रेलवे को जल्द अनापत्ति प्रमाणपत्र देने को कहा था. यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व की सुनवाई में खंडपीठ ने सुझाव दिया था कि उक्त सड़क की चौड़ाई कम-से-कम 8 मीटर रखी जाए, ताकि दो वाहन आसानी से एक-दूसरे को पार कर सकें. खंडपीठ ने यह भी कहा था कि संबंधित क्षेत्र में कई पर्यटन स्थल हैं, ऐसे में मात्र 5 मीटर चौड़ी सड़क भविष्य में यातायात जाम की समस्या पैदा कर सकती है. मामले में पक्षकारों ने 5 मीटर चौड़ी सड़क का प्रस्ताव रखा था. बताया गया था कि रेलवे अधिकारियों ने सिद्धांततः अपनी भूमि पर 5 से 6 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण की सहमति दी है.

# उपायुक्त ने एनआरईपी विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज** ।उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (एनआरईपी) विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वप्रथम धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में तालझारी, पतना, बरहेट एवं बोरियो प्रखंड स्थित कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय उच्च विद्यालयों में अतिरिक्त छः वर्ग कक्षों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बताया गया कि योजनाओं की भौतिक प्रगति 10 से 70 प्रतिशत के बीच है तथा विभिन्न स्थलों पर प्लास्टर, प्रथम तल्ला एवं प्लिंथ स्तर का कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।इसके उपरांत वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित विभिन्न भवन निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, बोरियो, बरहेट एवं पतना सहित अन्य निमार्णाधीन परियोजनाओं तथा बहुउद्देशीय केंद्र निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की गई। बताया गया कि अधिकांश योजनाओं में 60 से 80 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो चुका है। उपायुक्त ने कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में अनाबद्ध निधि योजना, वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत संचालित 20 निमार्णाधीन योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि 09 योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर अधियाचना भेजी गई है। अथवा जबकि 11 योजनाओं में 70 से 90 प्रतिशत तक कार्य संपन्न हो गया है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।अनाबद्ध निधि योजना, वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत संचालित विभिन्न स्थानो पर जलाआपूर्ति सहित दो शैचालय निर्माण योजनाओं की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि कुल 14 योजनाओं में से 4 योजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं तथा शेष योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। उपायुक्त ने सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिए।बैठक में जिला समाज कल्याण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निमार्णाधीन 32 आंगनवाड़ी केंद्रों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 17 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य भौतिक रूप से पूर्ण हो चुका है तथा 15 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्देश दिया गया कि शेष आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य दो माह के अंदर पूर्ण कराकर संचालन प्रारंभ किया जाय।समीक्षा के दौरान जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी निमार्णाधीन योजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालक अभियंता (एनआरईपी) देवीलाल हांसदा, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## तीन मोहनी चौक पर सड़क किनारे टायर मरम्मत से बढ़ा हादसों का खतरा, कार्रवाई की मांग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहेट /साहिबगंज** ।बरहेट प्रखंड के तीन मोहनी चौक पर सड़क किनारे संचालित टायर मरम्मत की दुकानों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकानदार सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर मरम्मत का कार्य करते हैं और टायर, रिम समेत अन्य सामान भी सड़क पर फैला देते हैं। इससे मुख्य सड़क संकरी हो गई है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों के अनुसार सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से हो रहे इस कार्य के कारण आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसों की आशंका बनी रहती है। टेंपो, मोटरसाइकिल सहित अन्य वाहनों का आवागमन बाधित होता है। वहीं, स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और पैदल चलने वालों को सड़क पार करने में विशेष कठिनाई होती है। लोगों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका मानना है कि यदि समय रहते सड़क किनारे किए जा रहे अतिक्रमण और अव्यवस्थित मरम्मत कार्य पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर सड़क किनारे हो रहे टायर मरम्मत कार्य को व्यवस्थित कराने तथा आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि यातायात सुरक्षित और सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## राजमहल नगर पंचायत बोर्ड बैठक में विकास योजनाओं पर मुहर, जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल नगर पंचायत की बोर्ड बैठक गुरुवार को अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर क्षेत्र के समग्र विकास, राजस्व सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में सबसे अहम निर्णय वार्डों की मासिक रैंकिंग व्यवस्था लागू करने का लिया गया। अब नगर पंचायत के सभी वार्डों का प्रत्येक माह राजस्व प्रबंधन, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति तथा प्रकाश व्यवस्था के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। इससे वार्डों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। बोर्ड ने कैच द रेन-2026 अभियान के तहत अगले एक माह तक जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन को लेकर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया। वहीं, 14 जुलाई 2026 को नमस्ते दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर का क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 16 से 31 जुलाई 2026 तक सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत पूरे नगर क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।बैठक में पंद्रहवें वित्त आयोग के अंतर्गत प्रस्तावित एचएलएमसी बैठक के लिए विभिन्न विकास योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे, इनवर्टर एवं बैटरी लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।बैठक के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने पारित प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से लागू करने तथा नगर के सर्वांगीण विकास के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थी सप्ताह का शुभारंभ, छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा


**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**साहिबगंज** ।विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर एबीवीपी साहिबगंज नगर द्वारा आयोजित विद्यार्थी सप्ताह का शुभारंभ गुरुवार को नगर पालिका गर्ल्स हाई स्कूल, साहिबगंज में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत एबीवीपी के ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन एवं परिषद गीत के साथ की गई। इस अवसर पर भाषण, पेंटिंग, वाद-विवाद (डिबेट) तथा आर्ट्स एंड क्राफ्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, सामाजिक चेतना और राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम में विभाग संयोजक संजय दत्ता, एबीवीपी झारखंड सोशल मीडिया संयोजक इन्द्रजीत साह एवं नगर मंत्री चंदन गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन नगर मंत्री चंदन गुप्ता ने किया। अपने संबोधन में विभाग संयोजक संजय दत्ता ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र पुनर्निर्माण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सप्ताह जैसे कार्यक्रम छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करते हैं। एबीवीपी झारखंड सोशल मीडिया संयोजक इन्द्रजीत साह ने कहा कि आज के विद्यार्थी केवल भविष्य के नागरिक नहीं, बल्कि वर्तमान के सक्रिय परिवर्तनकारी हैं। परिषद विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विषयों से जोड़कर उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास का कार्य करती है। नगर मंत्री चंदन गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी सप्ताह के तहत नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शैक्षणिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार सकें और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। कार्यक्रम में जिला कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार, अविनाश कुमार, नगर सह मंत्री लक्ष्मी कुमारी, दीपिका कुमारी, पायल कुमारी, पूर्णव कुमार, अनमोल, बादल कौशिक, पीयूष कुमार, अंकित, समीर, नीरज यादव, अमन भगत, राहुल कुमार सहित एबीवीपी के अनेक कार्यकर्ता, विद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## कोटालपोखर बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, थाना प्रभारी ने किया सुरक्षा ऑडिट

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बरहरवा/साहिबगंज।** क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोटालपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार ने गुरुवार को बाजार क्षेत्र का व्यापक सुरक्षा ऑडिट किया। इस दौरान उन्होंने बैंक, ज्वेलरी दुकान, पेट्रोल पंप समेत अन्य प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से आकलन किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों, उनकी गुणवत्ता, कवरेज और संचालन की स्थिति की जांच की। उन्होंने संचालकों को निर्देश दिया कि सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उन्हें हर समय चालू रखा जाए, ताकि किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में पुलिस को जांच में आसानी हो सके। पवन कुमार ने व्यवसायियों से सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि बाजार या आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि नजर आए तो इसकी सूचना तुरंत कोटालपोखर थाना को दें। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में कानून - व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए भविष्य में भी नियमित रूप से सुरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण अभियान जारी रहेगा, ताकि लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम रहे और अपराधियों पर प्रभावी नजर रखी जा सके।

## पीएम-कुसुम, ज्रेडा एवं सौर आधारित योजनाओं की समीक्षा, उपायुक्त ने दिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं खराब सोलर संयंत्रों की जांच के निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज** ।उपायुक्त दीपक कुमार दुबे (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पीएम-कुसुम , ज्रेडा तथा अन्य सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल द्वारा बताया गया कि पीएम- सूर्यघर योजना के अंतर्गत जिले में अब तक कुल पाँच लाभुकों के यहाँ सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने अवगत कराया कि लाभुकों द्वारा अपेक्षित अंशदान समय पर जमा नहीं किए जाने के कारण योजना की प्रगति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुँच सकी है। इस पर उपायुक्त ?द्वारा निर्देश दिया गया कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरुकता सुनिश्चित किया जाए।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी (सोलर) को निर्देश दिया कि इस वितीय वर्ष में ज्रेडा को अग्रसारित किए जाने हेतु सभी प्रखंडों के मुख्य पर्यटन स्थल यथा मोतीझरना, कन्हैया स्थाल, सिंगी दलान, बाराद्वारी इत्यादि पर तत्काल रिक्विजिशन तैयार कर ज्रेडा को भेजा जाए। साथ ही चौक-चौराहो एवं व्यस्त जगहों पर प्राथमिकता के साथ हाई- मास्क लाईट अधिष्ठापन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा कार्यपालक पदाधिकारी से प्रस्ताव तत्काल प्राप्त किया जाए।बैठक में यह भी पाया गया कि जिले के गाँवों में पूर्व में स्थापित ऑफ-ग्रिड सोलर संयंत्रों में से कई वर्तमान में कार्यरत नहीं हैं। इस पर उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी (सोलर) को निर्देशित किया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से इन संयंत्रों की वर्तमान कार्यशील स्थिति की जानकारी प्राप्त करें। यदि कोई संयंत्र संचालन एवं रखरखाव अवधि के दौरान भी खराब पाया जाता है, तो जिला प्रशासन के स्तर से आवश्यक कार्रवाई हेतु ज्रेडा को पत्र प्रेषित किया जाए। बैठक के दौरान मॉडल सोलर विलेज योजना के मूल्यांकन पत्र के अवलोकन के उपरांत उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को निर्देश दिया कि वे अपने सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के माध्यम से उधवा प्रखंड की पश्चिमी पलाशगाठी पंचायत अंतर्गत असराउल टोला में स्थापित एवं वर्तमान में खराब पड़े सोलर संयंत्र का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत जांच प्रतिवेदन तीन दिनों के भीतर समर्पित करें। साथ ही उक्त पंचायत में अधिष्ठापित दो अन्य ऑफ-ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्रों की वर्तमान स्थिति के संबंध में भी प्रतिवेदन समर्पित करें।इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने पूर्व के वर्षों के दौरान जिले में स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट, हाई-मास्ट लाइट एवं अन्य सौर प्रकाश व्यवस्था के मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य हेतु आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर समर्पित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता- विद्युत प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, जिला मृदा संरक्षण पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, DPM JSLPS, नोडल पदाधिकारी (सोलर) तथा ग्रीन एसोसिएट उपस्थित थे।

## आदर्श हत्याकांडः चार आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने बरामद किए हथियार और बाइक

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला स्थित तिलकधारी कुआं चौक के समीप 01 जुलाई की देर शाम आदर्श कुमार दास उर्फ कुकु की गोली मारकर हत्या मामले में कई अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस रिमांड में 4 आरोपियों ने पुलिसिया सवालों के आगे घुटने टेक दिए। आरोपियों ने हत्याकांड से जुड़े कई अहम राज से पर्दा उठाया। पूछताछ से हासिल तथ्यों के आधार पर पुलिस ने आदर्श हत्याकांड में प्रयुक्त दो पिस्तौल, खोखा व बाइक बरामद बरामद किया है। इधर दो दिनों की रिमांड की मियाद पूरी होने के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों अंशु कुमार सिन्हा, सत्यम कुमार आर्य, बादल व सुशांत को वापस न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि रिमांड के दौरान पूछताछ के आधार पर पुलिस ने दो पिस्तौल, एक खोखा तथा बजाज पल्सर मोटरसाइकिल संख्या जेएच-18सी-6173 बरामद किया है।

## राजमहल में सर्पदंश की दो घटनाएं, दो लोग अस्पताल में भर्ती

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल अनुमंडल क्षेत्र में सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोग मूर्छित हो गए। दोनों को परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। पहली घटना प्रखंड क्षेत्र के शोभापुर गांव की है। बुधवार देर रात घर में काम करने के दौरान राजन मंडल (65) को जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे वह मूर्छित होकर गिर पड़े। परिजनों ने तत्काल उन्हें अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरी घटना कोटालपोखर थाना क्षेत्र के दुखिया टोला निवासी जगजीवन किस्पोट्टा (38) के साथ हुई। वह अपने मामा के घर जमालपुर गांव घूमने आए थे। गुरुवार सुबह खेत की ओर जाने के दौरान उन्हें भी जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और वह मूर्छित हो गए। परिजनों ने उन्हें भी तत्काल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। फिलहाल दोनों की स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है।

## लंबित वेतन व पेंशन समेत पांच मांगों पर आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने खत्म किया आंदोलन



**साहिबगंज** ।नगर परिषद साहिबगंज के कर्मचारियों द्वारा पांच सूत्री मांगों को लेकर शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को वार्ता के बाद समाप्त हो गई। कर्मचारियों ने लंबित वेतन, सेवानिवृत्त कर्मियों के ग्रेच्युटी भुगतान, पारिवारिक पेंशन, दैनिक कर्मियों के वेतन में वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया था। नगर परिषद कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिव कुमार हरि ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें लंबे समय से लंबित हैं। कई बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मांगों के समाधान को लेकर ही कर्मचारियों ने हड़ताल का रास्ता अपनाया था। हड़ताल की सूचना कार्यपालक पदाधिकारी, उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी को भी दी गई थी। इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान और कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। बैठक में कर्मचारियों की सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई और चरणबद्ध तरीके से समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। वार्ता के बाद बनी सहमति के आधार पर कर्मचारी संघ ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी। इसके साथ ही नगर परिषद की साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के पुनः सामान्य होने का रास्ता साफ हो गया। मौके पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में सैकड़ो कर्मचारी मौजूद थे।

## साहिबगंज में 'उन्नति का पहिया' योजना के तहत 300 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित



**साहिबगंज** ।सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को झारखंड सरकार की ₹उन्नति का पहिया₹ योजना के तहत कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शशि कुमार राय की उपस्थिति में पात्र विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की गईं।इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय राजस्थान,मध्य विद्यालय किशन प्रसाद,मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी,मध्य विद्यालय कृष्णा नगर, मध्य विद्यालय कमला देवी बालिका, मध्य विद्यालय बंगला बालक,मध्य विद्यालय नगर पालिका कन्या तथा मध्य विद्यालय सरपंच टोला के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत 150 छात्र एवं 150 छात्राओं,कुल 300 विद्यार्थियों के बीच साइकिलों का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना,उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है।साइकिल मिलने से विद्यार्थियों का समय बचेगा,आवागमन आसान होगा और वे अपनी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रख सकेंगे।कार्यक्रम में संबंधित विद्यालयों के शिक्षक,अभिभावक एवं प्रखंड प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## डॉ. नीरा यादव की पहल रंग लाई, अगस्त के पहले सप्ताह से कोडरमा सदर अस्पताल में शुरू हो सकता है ब्लड बैंक



**कोडरमाः** स्थानीय विधायक एवं प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव ने कोडरमा सदर अस्पताल में बंद पड़े ब्लड बैंक को जल्द शुरू कराने की पहल की है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त से मुलाकात कर ब्लड बैंक शुरू करने में आ रही बाधाओं की जानकारी ली और आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।विधायक ने कहा कि ब्लड बैंक बंद रहने से दुर्घटना, प्रसव, ऑपरेशन, थैलेसीमिया सहित अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों को समय पर रक्त नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण लोगों को गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद समेत अन्य जिलों का रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ने के साथ मरीजों की जान पर भी खतरा बना रहता है।उन्होंने ब्लड बैंक के बंद रहने के कारणों की जांच कर आवश्यक संसाधन, तकनीकी कर्मियों की उपलब्धता और लाइसेंस संबंधी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर ब्लड बैंक को पुनः चालू कराने की मांग की। साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।डॉ. नीरा यादव ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से बातचीत हुई है और अगले अगस्त माह के पहले सप्ताह से कोडरमा सदर अस्पताल में ब्लड बैंक शुरू होने की संभावना है।

# SIR-2026 :धीमी प्रगति वाले बूथों पर पहुंचे जिला निर्वाचन पदाधिकारी,फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के दिए नर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**मेदिनीनगर (पलामू)**
विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 के तहत इन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म के वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत गुरुवार को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के उन मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति अपेक्षाकृत कम दर्ज की गयी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि एसआईआर कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। नरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सर्वप्रथम हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-121 पहुंचे, जहां इन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म का वितरण मात्र 11 प्रतिशत हुआ था। उन्होंने संबंधित बीएलओ से कम प्रगति के कारणों की विस्तृत जानकारी ली तथा घर-घर जाकर फॉर्म वितरण अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। बीएलओ का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वयं कुछ गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कर कार्य में गति लाने का संदेश दिया। इसके बाद उपायुक्त हुसैनाबाद के देवरी खुर्द पहुंचे, जहां उन्होंने मतदान केंद्र संख्या-136, 137 एवं 138 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र संख्या-136 पर शत-प्रतिशत फॉर्म वितरण की रिपोर्ट दर्ज पाए जाने पर उन्होंने संबंधित बीएलओ से इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी अभिलेखों का सत्यापन कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ ऐप पर अद्यतन की जाने वाली प्रत्येक प्रविष्टि वास्तविक प्रगति के अनुरूप ही हो तथा कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी को हुसैनाबाद के कई मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए कच्चे रास्तों एवं पगडंडियों का भी उपयोग करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचना और समय पर फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करना सभी संबंधित कर्मियों की जिम्मेदारी है। इसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने छतरपुर प्रखंड कार्यालय एवं नवाबाजार प्रखंड सभागार में आयोजित प्रखंड स्तरीय डिजिटाइजेशन कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं पड़वा प्रखंड के पंचायत सचिवालय पहुंचकर भी रक्फ़्र 2026 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर को प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप फॉर्म वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में एफए-1 परीक्षा का हुआ शुभारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में गुरुवार से प्रथम आवधिक मूल्यांकन (एफए-1) परीक्षा का शुभारंभ शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में हुआ। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं समय पर पहुंचकर उत्साह और अनुशासन के साथ परीक्षा में शामिल हुए।
परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय की प्राचार्या शोभा रानी साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान, मेहनत और आत्मविश्वास का सही मूल्यांकन करने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को बिना तनाव के शांत मन से प्रश्नपत्र पढ़कर उत्तर लिखने, समय का सदुपयोग करने, ईमानदारी बनाए रखने तथा आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की प्रेरणा दी। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके प्रेरणादायक संबोधन से विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। विद्यालय के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने भी सभी विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लगन ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि विद्यालय के विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के सफल परीक्षा परिणाम एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## अवैध हथियार बनाने में संलिप्त 02 अपराधकर्मियों को भेजा जेल



**रामगढ़।** भुरकुंडा ओ0पी0 क्षेत्र अंतर्गत अवैध हथियार बनाने की मिनी फैक्ट्री का पदार्फाश करते हुए मशीन,अर्धनिर्मित हथियार एवं कल-पुर्जे बरामद कर संलिप्त 02 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। इस संबंध में अनुसंधान किया जा रहा था। अनुसंधान के क्रम में भुरकुंडा ओ० पी० पुलिस के द्वारा आज दिनांक- 09.07.2026 को 03 प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।
**गिरफ्तार अभियुक्त का नामः**-1. अनिल विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष, पिता- स्व० बुधु विश्वकर्मा, ग्राम- ए० के० कोलयरी दत्तो भुरकुण्डा, स्थाई पता- बारसलीगंज, थाना- बासलीगंज, जिला- नवादा (बिहार)
2. इबरार उम्र 20 वर्ष पिता- मो० कुतुबुद्दीन, ग्राम सरदार रोड हजारीबाग, थाना सदर, जिला- हजारीबाग
3. अप्राथमिकी अभियुक्त रईस खान उम्र 59 वर्ष, पिता- स्व० शरीफ खान, पता- पेलावल पवरा रोड, थाना-पेलावल, जिला- हजारीबाग, स्थाई पता- मुजफ्फरनगर, थाना कोतवाली, जिला- मुजफ्फरनगर, (यु०पी०)।

## केजीबीभी किस्को की छात्राएं पीएम श्री योजना के तहत एजुकेशनल ट्रीप में भुवनेश्वर हुए रवाना

**लोहरदगा:**जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के उत्तरी हिस्से में संचालित पीएम श्री कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन संगीता कुमारी साहू की अगुवाई में पीएम श्री योजना के तहत एजुकेशनल ट्रीप में भुवनेश्वर रवाना हुईं। भुवनेश्वर रवाना होने से पूर्व केजीबीभी किस्को की वार्डन संगीता कुमारी साहू ने बताया कि हमारे नेतृत्व में और सहायक शिक्षिका खुशबू कुमारी के साथ सुभद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पीएम श्री योजना के तहत एजुकेशनल ट्रीप के लिए विद्यालय की 30 बच्चियों के साथ शिक्षण भ्रमण हेतु भुवनेश्वर जाने का अवसर मिला, जहां पर शिक्षा से जुड़े हर गतिविधियों पर हमारी बच्चियां और हमारी टीम अध्ययन करेंगी। उन्होंने बताया कि ऐसा अवसर कभी-कभार ही मिलता है, जिससे बच्चियों में पढ़ाई के प्रति लगाव बढ़ जाती है। वार्डन संगीता कुमारी साहू ने कहा कि बच्चियों को बेहतर शिक्षा मिले इसे लेकर हमेशा हमारी पूरी टीम विविध विषयों पर विभागीय आदेशानुसार कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षा के मूल महत्वों को बच्चियों में बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना के तहत एजुकेशनल ट्रीप में भुवनेश्वर जाना और वहां की गतिविधियों पर अध्ययन करना हमारे टीम के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि यह टूर आगामी 13 जुलाई तक रहेगा।उल्लेखनीय है कि पीएम श्री योजना के तहत एजुकेशनल ट्रीप पर पीएम श्री कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा की 30 बच्चियां और दो शिक्षिकाएं भी रवाना हुई हैं।

## पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का सफल समापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के निर्देशन में झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा द्वारा संचालित पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत डायट, चिरी में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय गैर-आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 6 से 9 जुलाई तक आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी 50 पलाश बहुभाषी शिक्षा हस्तक्षेप विद्यालयों के चयनित शिक्षकों ने दो बैचों में भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन), प्रभावी कक्षा-शिक्षण, बहुभाषी शिक्षण रणनीतियों तथसंशोधित पलाश शिक्षण-सामग्रियों के प्रभावी उपयोग के लिए दक्ष बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संशोधित पलाश पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं, शिक्षक संदर्शिका, वार्षिक योजना, दैनिक पाठ योजनाओं, उच्च प्रभावी शिक्षण रणनीतियों (HITS), सतत एवं व्यापक मूल्यांकन, समूह आधारित अधिगम तथा भाषा एवं गणित के एकीकृत शिक्षण का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।
समापन समारोह में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती मोनीदीपा बनर्जी ने शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में सीखी गई शिक्षण पद्धतियों, शिक्षक संदर्शिका, वार्षिक योजना और दैनिक पाठ योजनाओं का विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगामी सावधिक आकलन एवं मिडलाइन असेसमेंट में लोहरदगा जिला बेहतर प्रदर्शन कर सके।अंतिम दिन शिक्षकों के अधिगम का मूल्यांकन करने के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली श्रीमती सोवित तिर्की को प्रथम, श्री राजकिशोर उरांव को द्वितीय तथा श्री बुधराम उरांव को तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गयाकार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी शिक्षकों ने श्रमदान करते हुए डायट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया।उल्लेखनीय है कि झारखंड में पलाश बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के प्रभावी संचालन में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (छछत्र्) का महत्वपूर्ण तकनीकी एवं शैक्षणिक सहयोग प्राप्त हो रहा है। उनके समन्वय में शिक्षा विभाग, डायट एवं सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से प्रशिक्षण का सफल संचालन किया गया।

## एसडीएम ने किया वासेपुर के दो साइबर कैफे का औचक निरीक्षण

# राशि लेकर एसआइआर फॉर्म भर रहे 'गल्फ जॉब' साइबर कैफे को किया सील

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**मतदाताओं से अपील – फॉर्म भरने के लिए बीएलओ, बीएलए – 2 की ले सहायता**




**धनबाद।**मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर 2026) में फॉर्म भरने की प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को अनुमंडल दंडाधिकारी श्री लोकेश बारंगे ने वासेपुर क्षेत्र में संचालित दो साइबर कैफे का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के क्रम में वासेपुर स्थित 'गल्फ जॉब' साइबर कैफे में राशि लेकर एसआइआर फॉर्म भरे जाने का मामला प्रकाश में आया। एसडीएम के निदेर्शानुसार उक्त साइबर कैफे को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इसके बाद एसडीएम ने एक अन्य साइबर कैफे 'रूशान कम्युनिकेशन' में औचक निरीक्षण किया। जांच पड़ताल करने के बाद उन्होंने संचालक को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि एसआइआर फॉर्म भरने में मतदाता केवल बीएलओ, बीएलए 2, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की सहायता ले सकते हैं। किसी साइबर कैफे संचालक या अन्य व्यक्तियों द्वारा इसमें हस्तक्षेप करना अनाधिकृत है। कार्रवाई के बाद एसडीएम ने आम जनता और विशेषकर मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े फॉर्म को भरने के लिए किसी भी निजी या अनाधिकृत साइबर कैफे की सेवाएं न लें। मतदाता फॉर्म को जमा करने या सुधार के लिए केवल बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल एजेंट-2, सुपरवाइजर, वॉलेंटियर्स की ही सहायता लें, ताकि उनकी गोपनीय जानकारी सुरक्षित रहे और प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।
एसडीएम ने बताया कि 'गल्फ जॉब' साइबर कैफे मैं राशि लेकर एसआइआर फॉर्म भरने की सूचना मिली थी, जो निरीक्षण के दौरान सही मिली। उन्होंने कहा कि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि साइबर कैफे संचालक फॉर्म में सही जानकारी भर रहे हैं। यह काम बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल एजेंट-2, सुपरवाइजर, वॉलेंटियर्स का है। एसडीएम ने कहा कि कोई भी साइबर कैफे संचालक या व्यक्ति चुनाव कार्य का व्यवसायीकरण और उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। यह एक अपराध है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के अनाधिकृत कार्यों में लिप्त पाए जाने वाले साइबर कैफे और व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ में कहा कि आगे भी इसी तरह से औचक निरीक्षण जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान एनडीसी श्री दीपक कुमार दुबे, नगर निगम के इंस्पेक्टर श्री अनिल कुमार, एसडीएम कार्यालय के श्री विनोद सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जोगना मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा-गुमला मुख्य मार्ग स्थित जोगना मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सेन्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात करीब 11 बजे राहगीरों ने सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा को जोगना मोड़ के पास सड़क दुर्घटना की सूचना दी। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और अचेत अवस्था में पड़े युवक को पुलिस वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान सेन्हा महतो मोहल्ला निवासी विजय कुमार महतो के 30 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार महतो के रूप में हुई। बताया गया कि वह मोटरसाइकिल (संख्या खल्र-08ल्र-7380) से अरु गांव में एक शादी समारोह से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में युवक का हाथ टूट गया है तथा सिर पर भी गंभीर चोटें आई हैं।वहीं, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लोहरदगा-गुमला मुख्य मार्ग के कई हिस्से जर्जर होने के कारण इस क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत एवं यातायात सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में रक्ळ टीम ने पश्चिम बंगाल से किया दोनों बच्चों को किया बरामद




**रामगढ़/गोला।** गोला थाना क्षेत्र के भारती देवी, पति- दिलीप करमाली, उम्र 35 वर्ष, सा०-ग्राम-कमता, थाना-गोला, जिला-रामगढ़ के द्वारा दिनांक 01.07.2026 को अपने बच्चे (1) जमुना कुमारी, उम्र-12 वर्ष, (2) सुमित कुमार, के गुम हो जाने के संबंध में एक आवेदन दिया गया था। उक्त आवेदन के आधार पर गोला थाना में दर्ज किया गया था। भा०पु०स० मुकेश कुमार लुनायत पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा बच्चो की बरामदगी हेतु आलोक रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक रक्ळ टीम का गठन किया गया। उक्त एस आई टी टिम द्वारा बरकाकाना, गोला रोड, हारुबेडा, बरलंगा, मुरी, तुलिन, झालदा, इत्यादी स्टेशनों पर गहनता से पुछताताछ एवं CCTV फुटेज का लागातार अवलोकन के उपरांत प्राप्त साक्ष्य के आधार पर उक्त दोनो बच्चों को पुरुलिया पश्चिम बंगाल से सकुशल बरामद किया गया।
**बरामद बच्चे:** जमुना कुमारी, उम्र-12 वर्ष, सुमित कुमार, उम्र-10 वर्ष को एसआईटी टिम आलोक रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, पंकज कुमार, पुलिस निरीक्षक, गोला अंचल, अभिषेक कुमार, थाना प्रभारी, गोला थाना,पु० अ० नि० स्वामी रंजन ओझा, गोला थाना (अनुसंधानकर्ता),स० अ० नि० तरसिसिया लकडा, गोला थाना, गोला थाना रिजर्व गार्ड ने सकुशल बरामद किया।

## एबीवीपी स्थापना दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ,सैकड़ो ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




**सिंदरी/ धनबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( एबीवीपी) के 9 जुलाई स्थापना दिवस के अवसर पर रंगामाटी लायंस स्कूल के समीप स्थित बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मुख्य चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र कुमार, परिषद के धनबाद ग्रामीण जिला संयोजक अनुभव शर्मा,भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण मंत्री डॉ निशि महतो , गार्गी सिंह ,अनिमा सिंह तथा अरविंद सिंह ने दीप प्रज्वलित किए। शिविर में चासनाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की तथा आवश्यक परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई। मेडिकल टीम में डॉक्टर शैलेंद्र कुमार, सी एच ओ सोमा कुमारी,एनम श्रेया कुमारी,पूजा कुमारी शामिल थी। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती तारा देवी ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। डॉ. निशी महतो ने एबीवीपी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन सामाजिक सरोकार में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मुख्य चिकित्सक ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। वहीं एबीवीपी के अध्यक्ष ने संगठन की स्थापना दिवस पर सेवा कार्यों को आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया।मेडिकल कैंप का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने स्वास्थ जांच शिविर का लाभ उठाया। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा समाज सेवा के माध्यम से स्थापना दिवस को सार्थक रूप से मानना रहा। मौके पर एबीवीपी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अंशु तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्की ठाकुर ,महानगर मंत्री कृष्णा हाजरा, अमित तिवारी, विशाल ,कश्यप ,आर्यन एवं सोनू ने शिविर के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## प्रगतिशील महिला मंच के प्रतिनिधि मंडल सिन्दरी इंस्पेक्टर से भेंट की

**सिंदरी/बलियापुर** ।प्रगतिशील महिला मंच का एक प्रतिनिधि मंडल बृहस्पतिवार को प्रखंड उप प्रमुख बलियापुर सह प्रगतिशील महिला मंच के संयोजक आशा देवी के नेतृत्व में सिन्दरी इंस्पेक्टर नूतन मोदी से मिलकर क्षेत्र की कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, मेला, बाजार पर सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा किया। इस अवसर पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने कहा कि सिंदरी इंस्पेक्टर भी एक महिला है और महिलाओं का क्या समस्या है, उन्हें पता है। महिलाओं को उम्मीद है कि समस्याओं का शीघ्र निष्पादन होगा। मौके पर उप प्रमुख आशा देवी, चन्द्रावती देवी, अर्पिता मुखर्जी, ज्योत्सना गोराई, ज्योति रवानी, मंजू रवानी, मीरा देवी, कमला देवी, सुनीता देवी, समवंती देवी, काजल देवी, पायल देवी, आंचल देवी, पुतुल देवी, क्रांति देवी, मिंटू मिश्रा, डेविड मल्लिक आदि थे।

# विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति की बैठक,विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की समीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**हजारीबाग।** विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति की बैठक आज 9 जुलाई को परिसदन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति माननीय श्री रामेश्वर उरांव ने की। बैठक में समिति के सदस्य एवं डालटनगंज के माननीय विधायक श्री आलोक चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए सभापति श्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे राजस्व संग्रहण की समीक्षा करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की प्राप्ति हो रही है अथवा नहीं। उन्होंने सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में और अधिक प्रभावी प्रयास करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर निगम, वन विभाग, परिवहन विभाग, समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीड, स्वास्थ्य विभाग, खनन विभाग,आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के राजस्व संग्रहण एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। नगर निगम की समीक्षा के दौरान सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में कुल 36 वार्ड हैं, जिनका सर्वेक्षण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, दुकानों से प्राप्त किराया, सैरात, विज्ञापन शुल्क, चुंगी, भवन नक्शा स्वीकृति, टेंडर तथा बैंक्वेट हॉल पंजीकरण सहित विभिन्न मदों से नगर निगम को राजस्व प्राप्त होता है। वन विभाग की समीक्षा में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इमारती लकड़ी की बिक्री, जब्त लकड़ियों की नीलामी तथा पार्क एवं मैदानों के प्रवेश टिकटों से विभाग को राजस्व प्राप्त होता है। सभापति ने प्रभागीय वन पदाधिकारी (डीएफओ) से हाल में हुई आगजनी की घटनाओं, उससे हुए नुकसान तथा उसके नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। समिति ने वन विभाग को राजस्व संग्रहण में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में विभाग को 210 करोड़ रुपये राजस्व संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध लगभग 85 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई। चालू वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहित किया जा रहा है। सभापति ने राजस्व में वृद्धि के लिए तैयार रोडमैप की जानकारी ली। इस पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के डिफॉल्टर वाहन मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे आगामी दिनों में राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। बैठक में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, आईसीडीएस एवं अन्य विभागों द्वारा सरकार से प्राप्त आवंटन राशि के उपयोग, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा राजस्व संग्रहण के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में समिति ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने, संसाधनों का बेहतर उपयोग करने तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एआईएमआईएम पार्टी के एमएलसी सह झारखंड प्रदेश सह-प्रभारी माननीय रियाजुल हसन अफांदी साहब का पाकुड़ आगमन, संगठन सशक्तिकरण को लेकर तीन दिवसीय दौरा

झारखंड उजाला प्रतिनिधि

**पाकुड़:** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के टछउ एवं झारखंड प्रदेश सह-प्रभारी रियाजुल हसन अफांदी का पाकुड़ आगमन संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से हो रहा है। उनका यह तीन दिवसीय संगठनात्मक दौरा झारखंड में पार्टी के विस्तार, कार्यकताओं के मार्गदर्शन तथा आगामी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में चल रहे संगठन विस्तार अभियान को गति देने के लिए विभिन्न बैठकें, कार्यकर्ता संवाद एवं संगठन समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दौरे के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं से विचार-विमर्श कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा होगी।

पाकुड़ आगमन पर रियाजुल हसन अफांदी का पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक एवं AIMIM झारखंड के वरिष्ठ नेता अकील अख्तर तथा युवा नेता जनाब आफीफ अमसल के नेतृत्व में किया जाएगा।

## धनबाद के स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में 'एंटी-स्नेक वेनम सीरम' उपलब्ध - उपायुक्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**आपात स्थिति के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार**




धनबाद। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सांप के काटने के इलाज के लिए आवश्यक 'एंटी-स्नेक वेनम एंटीसीरम' पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन ने बताया कि वर्तमान में पूरे जिले में 6,130 एक्टिव वायल स्टॉक में हैं, जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सकता है।उन्होंने बताया कि शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एएनएमएमसीएच) में सबसे अधिक 2,750 वायल, बाघमारा सीएचसी में 300 वायल, बलियापुर सीएचसी में 500 वायल, सदर अस्पताल में 380 वायल, गोविंदपुर सीएचसी में 380 वायल झरिया (झरिया सह जोरापोखर) में 420 वायल, निरसा सीएचसी में 480 वायल, तोपचांची सीएचसी में 450 वायल, टुंडी सीएचसी में 40, टुंडी के लोधरिया एचएससी-आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 10, टुंडी के रामपुर एचएससी-आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 20 वायल उपलब्ध कराए गए हैं।उपायुक्त ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सांप के काटने पर किसी भी तरह के अंधविश्वास या झाड़-फूंक में समय बर्बाद करने के बजाय मरीज को तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मानसून और गर्मी के मौसम में सांपों के निकलने की घटनाओं को देखते हुए सभी डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग धनबाद के नागरिकों की सुरक्षा और त्वरित इलाज के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करें।

## चार वर्षों से राहगीरों व विद्यार्थियों की प्यास बुझा रहा 'अमृतधारा प्याऊ',

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**जल्द बनेगा एक और आधुनिक प्याऊ**



लोहरदगाः शहर के बीचो-बीच अपर बाजार स्थित चुन्नीलाल उच्च विद्यालय परिसर में जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ द्वारा चार वर्ष पूर्व स्थापित 'अमृतधारा प्याऊ' आज भी निरंतर राहगीरों एवं स्कूली बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा रहा है।प्याऊ में चार नल लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अलग-अलग फिल्टर लगाए गए हैं, जिनकी नियमित सफाई और समय-समय पर बदलाव कराया जाता है।

उल्लेखनीय है कि 10 अक्टूबर 2021 को तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी मंटू कुमार, समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह तथा शहर के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इस जनोपयोगी प्याऊ का उद्घाटन किया गया था। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने बताया कि चुन्नीलाल उच्च विद्यालय में वर्तमान में लगभग 1800 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। पहले विद्यालय में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती थी। इसी समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में अमृतधारा प्याऊ का निर्माण कराया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय शहर के अत्यंत व्यस्त मार्ग पर स्थित है, इसलिए यहां से गुजरने वाले राहगीरों को भी इस सुविधा का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्याऊ का नियमित रखरखाव किया जाता है और समय-समय पर फिल्टर बदलकर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित की जाती है। दीपक सर्राफ ने कहा कि जनसेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जल्द ही शहर के एक अन्य व्यस्त स्थान पर भी इसी प्रकार का आधुनिक प्याऊ स्थापित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## महिला महाविद्यालय में इंटर की सीटें बढ़ाने की मांग

**भाजपा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**



**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय में इंटर नामांकन की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर झारखंड के राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।।ापन में कहा गया कि जिले के एकमात्र महिला महाविद्यालय में इंटर नामांकन की सीटें 512 से घटाकर 384 कर दी गई हैं, जिससे बड़ी संख्या में गरीब एवं ग्रामीण छात्राओं के उच्च शिक्षा से वंचित होने की आशंका है। भाजपा ने मांग की कि छात्रहित को देखते हुए अविलंब पर्याप्त सीटों में वृद्धि की जाए, ताकि सभी योग्य छात्राओं को नामांकन का अवसर मिल सके।

भाजपा नेताओं ने बताया कि पहले इस महाविद्यालय में इंटर स्तर पर लगभग 1200 सीटें थीं, जिन्हें धीरे-धीरे घटाकर 384 कर दिया गया है। इसे छात्राओं के हितों के विपरीत बताते हुए उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षा के अधिकार और बालिका शिक्षा को प्रभावित करेगा।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि सीटें नहीं बढ़ाई गईं तो ₹बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ₹ का नारा अर्थहीन साबित होगा और राज्य सरकार की मैया सम्मान योजना का उद्देश्य भी प्रभावित होगा। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द निर्णय नहीं लेती है तो इस मुद्दे पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज के साथ जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, जिला महामंत्री पशुपति पारस, मिथुन तमेड़ा एवं भाजपा जनजाति मोर्चा के नेता पवन तिग्गा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसआईआर प्रपत्र भरने के नाम पर किसी भी प्रकार का शुल्क न दें, अफवाहों पर न करें विश्वास : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रहण पूरी तरह नि:शुल्क, शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी**

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़ :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ्) कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण का कार्य बूथ स्तरीय पदाधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर प्रपत्र भरने अथवा जमा करने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। यदि कोई व्यक्ति गणना प्रपत्र भरने या जमा कराने के नाम पर किसी प्रकार की राशि की मांग करता है, तो उस पर विश्वास न करें तथा इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर एसआईआर प्रपत्र भरने के नाम पर अवैध रूप से पैसे वसूले जाने संबंधी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित होने की जानकारी प्राप्त हुई है। आम नागरिकों से अपील है कि ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें तथा केवल निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत बूथ स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से ही प्रपत्र भरें एवं जमा करें। जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक गणना प्रपत्र पर संबंधित बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित किया गया है। यदि किसी मतदाता को प्रपत्र भरने अथवा अन्य किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, तो वे संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 1950 अथवा 06435-222064 पर संपर्क किया जा सकता है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करें तथा किसी भी भ्रामक सूचना अथवा अवैध वसूली की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

## नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र, मतदाताओं से सक्रिय सहभागिता की अपील

**मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का किया आह्वान**

झारखंड उजाला प्रतिनिधि





**पाकुड़ :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित है। इसी क्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सबरी पाल एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष राणा ओझा ने स्वयं एसआईआर प्रपत्र भरकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता दर्ज कराई तथा जिले के सभी पात्र मतदाताओं से भी इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। प्रत्येक पात्र मतदाता को समय पर एसआईआर प्रपत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने बूथ स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) को उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें, बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का सत्यापन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अवश्य कराएं।

## लोहरदगा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक को मिला लाइसेंस, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

**लोहरदगा:** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राहत भरी खबर है। लोहरदगा सदर अस्पताल के ब्लड बैंक को लाइसेंस मिल गया है। इसके बाद जिले के मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अधिक सुगम और व्यवस्थित हो सकेगी। बताया गया कि इस दिशा में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने लगातार पहल की। उन्होंने इस मुद्दे को विभागीय मंत्री के समक्ष उठाने के साथ-साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भी प्रमुखता से रखा था।उल्लेखनीय है कि चाईबासा में कथित रूप से संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के मामले के बाद सरकार ने रक्त की एचआईवी जांच अनिवार्य कर दी थी। वर्तमान में इस जांच की सुविधा मुख्य रूप से रांची में उपलब्ध होने के कारण जिलों से रक्त के नमूने जांच के लिए रांची भेजे जाते हैं, जिससे रिपोर्ट आने में चार से छह दिन तक का समय लग जाता था। इस कारण मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।ब्लड बैंक को लाइसेंस मिलने के बाद अब रक्त का सुरक्षित भंडारण स्थानीय स्तर पर किया जा सकेगा, जबकि जांच के लिए केवल नमूने रांची भेजे जाएंगे। इससे रिपोर्ट अपेक्षाकृत जल्द मिलने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सुविधा होगी।इस उपलब्धि को जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे रक्त संबंधी सेवाएं अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होंगी तथा लोहरदगा की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सांसद सुखदेव भगत के प्रयासों से गुमला जिले के ब्लड बैंक को भी लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

## सदर अस्पताल में उपद्रव मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, नगर थाना पुलिस ने भेजा जेल



**पाकुड़।** नगर थाना पुलिस ने वर्ष 2024 में सदर अस्पताल परिसर में हुए उपद्रव मामले में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए लंबे समय से चल रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। नगर थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या 201/24, दिनांक 23 अगस्त 2024 के तहत दर्ज मामले में प्राथमिकी अभियुक्त रोगा मोमिन उर्फ सद्दाम अंसारी, पिता इस्लाम अंसारी, निवासी सोलागड़िया, थाना नगर, जिला पाकुड़, लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (इठर) की विभिन्न गंभीर धाराओं 191(2), 191(3), 126(2), 127(2), 115(2), 109, 132, 324, 352, 351(2) एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज है।थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2024 में सदर अस्पताल में सीनाजोरी करते हुए उपद्रव मचाने और कानून-व्यवस्था बाधित करने के आरोप में यह मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी लगातार पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।नगर थाना प्रभारी ने कहा कि इस मामले में शामिल अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वार्ड पार्षद ने किया नए बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**पाकुड़:** नगर परिषद के वार्ड नंबर 11 के अंतर्गत कैलाश नगर में बढ़ती बिजली उपभोक्ता के कारण एक ही बिजली ट्रांसफार्मर पर बढ़ रहे दबाव तथा लो वोल्टेज,बिजली कट की समस्याओं से जूझ रहे कैलाशनगर वासियों को बिजली समस्या से राहत मिले इस बावत 100 केभीए का नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन देर शाम कैलाशनगर में नगर परिषद की वार्ड पार्षद निभा देवी ने विधि विधान के अनुसार नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया।इस मौके पर वार्ड के गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद निभा देवी ने कहा कि कैलाशनगर में बिजली की विभिन्न समस्याओं से मोहल्लेवासी परेशान थे और नए ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन की मांग कर रहे थे।इस हेतु विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता शैलेंद्र बेसरा तथा कनिय अभियंता आशीष पटेल को इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए उन्हें अवगत कराया गया था।उन्होंने इसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए संज्ञान में लिया तथा उक्त ट्रांसफार्मर के अधिष्ठापन स्वीकृति प्रदान की।आगे उन्होंने कहा कि इस वार्ड के बिजली की विभिन्न समस्याओं से विभाग का अवगत कराया गया है,जैसे कैलाशनगर में बिजली पोल एवं तार का विस्तारीकरण, सिद्धार्थनगर में नया ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन,पुराने जर्जर बिजली तार को हटाना इत्यादि। उन्होंने आशा व्यक्त की नया ट्रांसफार्मर कैलाशनगर में लग जाने से मोहल्लेवासियों को सुचारू एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगा,जिससे आमजनों,विद्यार्थियों, व्यवसायियों तथा प्रमुखतः मातृशक्तियों को इसका सीधा सुविधा मिलेगी।कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित पंकज मिश्रा,समीर मंडल,पिंटू मेहरा,तरूण दास,शिवम कुमार सिंह,बुधिलाल सिंह,मथुरा बागती,गुरुदयाल सिंह,जेहरुल शेख,पोचा साहा,विक्रम सिंह, अजहर शेख,सुब्रतो दास, विप्लव पाल,राहुल सिंह,सोनी सिंह,दिपक राम ने वार्ड पार्षद निभा देवी को पुष्प गुच्छ देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ताओं और अधिवक्तालिपिको को ई-कोर्ट सेवाओं का प्रशिक्षण

**पाकुड़:** झारखंड जूडिशियल एकेडमिक के निदेर्शानुसार पाकुड़ व्यवहार न्यायालय परिसर के सभागार में अधिवक्ताओं और अधिवक्ता लिपिकों के लिए ई-कोर्ट सेवाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अधिवक्ता दीनानाथ गोस्वामी एवं मास्टर ट्रेनर अधिवक्ता कौशल आलम ने संयुक्त रूप से दिया।प्रशिक्षण के दौरान अधिवक्ताओं को ई-कोर्ट सेवाओं के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें न्यायालय में ऑनलाइन वाद दाखिल करने की प्रक्रिया, प्रमाणित प्रति (सर्टिफाइड कॉपी) प्राप्त करने की ऑनलाइन व्यवस्था, वाद की स्थिति की जानकारी, आदेश एवं निर्णय देखने सहित ई-कोर्ट पोर्टल की अन्य सुविधाओं के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि ई-कोर्ट प्रणाली के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम और समयबद्ध बनाया जा रहा है, जिससे अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को काफी सुविधा मिल रही है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए ई-कोर्ट सेवाओं के व्यावहारिक उपयोग का भी प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम में अधिवक्ता डॉ. शुभ प्रसाद यादव, प्रति कुमारी, आनंद यादव, जे. के. झा तथा अधिवक्ता लिपिक तनवीर इस्लाम, सुभाष पंडित, काजल राय सहित अन्य अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिक उपस्थित रहे।

## गर्री खुर्द आंधी-तूफान से गिरे पेड़ों को हटाकर राहगीरों को राहत दिलाई

**केरेड़ारी/हजारीबाग:** क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश होने के कारण ग्राम गर्री खुर्द में सौतिया के पास महुवा पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गए थे। इससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कभी भी दुर्घटना हो सकती थी। एक सप्ताह से सड़क पर गिरे हुए पेड़ की तानिया पड़ी हुई थी लेकिन अभी तक कोई जान प्रतिनिधि का ध्यान केंद्रित नहीं हो पाया था ग्रामीणों ने अंतिम सूचना समाजसेवी जागेशवर कुमार को दिया त्वरित इसका समाधान के लिए धरातल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटवाया। उनके प्रयास से सड़क यातायात पुनः सुचारू हो सका, जिससे राहगीरों को बड़ी राहत मिली। स्थानीय लोगों ने जागेशवर कुमार के इस त्वरित कदम की सराहना की और कहा कि उनकी पहल से दुर्घटना की संभावना भी टल गई।

# बिहार में अस्पताल कर्मी बनकर रह रहे मानव तस्कर! पटना की मां-बेटियों का राजस्थान में सौदा

एजेंसी




**पटनाः** बिहार के पटना से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है. यहां पर एक ऐसा ग्रुप सक्रिय है जो महिलाओं और लड़कियों को प्रलोभन देकर बेचने का काम करता है. ऐसा ही मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव से सामने आया है, जहां 21 साल की एक महिला और उनकी दो बेटियां पड़ोसी महिला के झांसे में आकर राजस्थान के कोटा में मानव तस्करी का शिकार हो गईं. महिला को उसकी दो बेटियों से साथ एक अनजान शख्स को बेच दिया गया था.

**कोटा में मां और उसकी दो बेटियों का सौदाः** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर उक्त महिला और उसकी 4 और 3 साल की दो बेटियों को बरामद कर लिया है. वहीं 2 साल की तीसरी बेटी अभी भी लापता है, जिसकी तलाश जारी है. धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि महिला का पति महाराष्ट्र में एक निजी कंपनी में काम करता है.

**काम दिलाने का झांसा देकर बेचाः** पुलिस के अनुसार, अत्यधिक शराब पीने के कारण पति-पत्नी के संबंध ठीक नहीं थे और पारिवारिक स्थिति कमजोर थी. इसी का फायदा उठाकर पड़ोसी महिला, पीड़िता को काम दिलाने के नाम पर 23 जून को बहला-फुसलाकर कोटा ले गई. साथ में महिला की तीनों बेटियां भी थीं.

**सास की सक्रियता से खुलासाः** कोटा में खरीदार ने महिला का मोबाइल छीन लिया था. किसी तरह उसने ने एक स्थानीय व्यक्ति की मदद से धनरूआ में अपनी सास को फोन कर पूरी घटना बताई और मदद मांगी. सास ने तुरंत धनरूआ पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने सबसे पहले आरोपी पड़ोसी महिला को हिरासत में लिया.

**हिरासत में पांच लोगः** आरोपी महिला की निशानदेही पर गिरोह के अन्य सदस्यों को भी दबोचा गया है. उसकी निशानदेही पर गया, भोजपुर और शिमली के कुल पांच आरोपियों को पकड़ा गया है. गिरफ्तार आरोपियों में सुशीला देवी (पभेड़ा), सुषमा कुमारी (सैफगंज, गया), सुनीता देवी व पति अनिल राम (सुकरौली, भोजपुर) और नीलू देवी (शिमली) शामिल हैं. पटना के राजाबाजार इलाके में रह रहे ये सभी आरोपी किसी अस्पताल में कार्यरत थे. पुलिस ने इनके पास से 1.40 लाख रुपये भी बरामद किए हैं.

**दबाव में पटना बुलाई गई मां-बेटियांः** पुलिस ने आरोपियों पर कड़ा दबाव बनाया और उन्हें साथ लेकर कोटा जाने की तैयारी की. डरकर आरोपियों ने मंगलवार सुबह महिला और उसकी दो बेटियों को पटना बुला लिया. पुलिस ने तीनों को बरामद कर लिया है.

**2 साल की बेटी की तलाश जारीः** धनरूआ पुलिस ने कांड संख्या 434/26, धारा 111/143 (3)(4)(5) बीएनएस एवं 81 जेजे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस अब पटना में छोड़ी गई 2 वर्षीय बच्ची की बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है.

# बिहार के 30 जिलों में आज आंधी-तूफान के साथ होगी तेज बारिश, बिजली गिरने की भी चेतावनी

एजेंसी

**पटनाः** बिहार के कई जिलों में मौसम का मिजाज इन दिनों बिगड़ा हुआ है. कहीं दिनभर बादल छाए रह रहे हैं तो कहीं तेज बारिश दर्ज की जा रही है. ऐसे में आज भी जिलों में कुछ ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना जताई गई है. आज बिहार के 30 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है. बिगड़े मौसम को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है.

**इस जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी**

मौसम विभाग ने पूर्वी चंपारण और गोपालगंज में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. जबकि पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज,



सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका, जमुई, बक्सर, भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास और कैमूर में येलो अलर्ट जारी किया है.

**इन जिलों में होगी भयंकर बारिश**

मौसम विभाग की माने तो, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, गोपालगंज, और किशनगंज जिले में वज्रपात के साथ भयंकर बारिश की संभावना है. इस तरह से बाकी के जिलों में भी 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा, बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना बनी रहेगी. इसके साथ ही जिलों में दिनभर बादल छाए रह सकते हैं.

**अभी भी अच्छी बारिश का इंतजार**

बिहार में मॉनसून एक्टिव है लेकिन इसके बावजूद अभी भी अच्छी बारिश का इंतजार है. उत्तर बिहार और सीमांचल के जिलों में भारी बारिश हो रही है. उत्तर बिहार की कई नदियां उफान पर हैं. जबकि दक्षिण बिहार में अभी भी अच्छी बारिश नहीं हो पाई है. इस तरह का मौसम होने से दक्षिण बिहार में अभी भी तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आस-पास ही बना हुआ है.

# नहीं था कोई बेटा, पूरे गांव ने ऐसे निकाली सब्जी विक्रेता वीडियो मंडल की शव यात्रा

एजेंसी




**मुंगेरः** बिहार के मुंगेर जिले से मानवता, सामाजिक एकजुटता और रिश्तों की मिसाल पेश करने वाली एक अनोखी तस्वीर सामने आई है. यहां एक सब्जी विक्रेता वीडियो मंडल (55 वर्षीय) की अंतिम शव यात्रा ऐसी निकली कि देखने वालों को पहली नजर में लगा मानो किसी दूल्हे की बारात जा रही हो. लेकिन जब लोगों को पता चला कि यह किसी की बारात नहीं, बल्कि अंतिम यात्रा है, तो हर किसी की आंखें नम हो गईं.

**नहीं देखी होगी ऐसी अनोखी शव यात्राः** यह भावुक कर देने वाला मामला मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तौफिर पीड़ पहाड़ स्थित चंद्र टोला का है. परिजनों के अनुसार, रविवार देर रात अचानक वीडियो मंडल की तबीयत बिगड़ गई. उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी. परिजन तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई. उनके निधन की खबर पूरे गांव में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई.

**सब्जी बेचकर परिवार चलाते थे वीडियो मंडलः** वीडियो मंडल वर्षों तक सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे. उनकी पहचान एक मेहनती, ईमानदार और मिलनसार व्यक्ति के रूप में थी. उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी (20 वर्ष) है. ग्रामीणों की माने तो पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी.

**गांव वालों ने निभाया बेटे का फर्जः** वीडियो मंडल का बेटा नहीं था. इस बात को लेकर रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने आपस में चर्चा की और निर्णय लिया कि उनके अंतिम संस्कार में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी. ग्रामीण संजय पासवान ने बताया कि "जब बेटे का फर्ज निभाने वाला कोई नहीं है, तो पूरा गांव ही उनका बेटा बनेगा."

**अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाबः** इसके बाद ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने मिलकर अंतिम यात्रा की पूरी व्यवस्था की. शव वाहन को सजाया गया. डीजे और ढोल-नगाड़ों की व्यवस्था की गई और पूरे सम्मान के साथ उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई. पूरा गांव ही उनका बेटा बनकर अंतिम यात्रा में शामिल हुआ.

**बारात जैसा दिखा नजारा, लोग रह गए हैरानः** मंगलवार को जब अंतिम यात्रा गांव से निकली तो उसके आगे डीजे पर भक्ति और विदाई के गीत बज रहे थे. ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग नाचते हुए चल रहे थे. ग्रामीण एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर वीडियो मंडल को अंतिम विदाई दे रहे थे.

**'ऐसी शवयात्रा नहीं देखी':** यह दृश्य सभी को चौंका रहा था. लोग इस तस्वीर को अपने मोबाइल में कैद करते देखें गए. जब यह शव यात्रा लाल दरवाजा सहित अन्य इलाकों से होकर गुजरी तो बड़ी संख्या में लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए. पहले लोगों को लगा कि किसी की बारात निकाली जा रही है, लेकिन जब उन्हें सच्चाई पता चली तो कई लोग भावुक हो गए और कहा कि ऐसी शवयात्रा नहीं देखी.

**क्या बोले ग्रामीण ?:** ग्रामीण सूरज मंडल ने कहा कि "वीडियो मंडल ने हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ दिया. वे जरूरतमंदों की मदद करने से कभी पीछे नहीं हटते थे. यही कारण रहा कि उनके निधन के बाद पूरा गांव उनके सम्मान में एकजुट हो गया और उन्हें यादगार विदाई दी."

**'लोगों ने मिलकर बेटे की जिम्मेदारी निभाई':** ग्रामीण सुलो मंडल ने बताया कि "वीडियो मंडल का कोई बेटा नहीं था, इसलिए गांव के सभी लोगों ने मिलकर बेटे की जिम्मेदारी निभाई. उनका कहना था कि वीडियो मंडल जैसे अच्छे इंसान को सम्मानजनक विदाई देना पूरे गांव का कर्तव्य था."

## संक्षिप्त खबर

### अनंत सिंह के सरकारी आवास के पास युवक का शव बरामद, मचा हड़कंप

**बिहारः** राजधानी के वीवीआईपी इलाके में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब मोकामा विधायक अनंत सिंह के सरकारी आवास के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला. शव सचिवालय के समीप स्थित 15 नंबर पुल के नीचे पड़ा था, जो अनंत सिंह के सरकारी आवास के पास है. शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी. जानकारी के मुताबिक, सुबह किसी राहगीर ने पुल के नीचे शव पड़े होने की जानकारी पुलिस को दी. सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस व वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम (एफएसएल) को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए.पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र, पहचान और मौत की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है. युवक के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज भी नहीं मिले हैं. ऐसे में पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट और अन्य रिकॉर्ड की जांच कर रही है.फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा और उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति था या नहीं. आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही युवक की मौत की असली वजह सामने आ पाएगी.जिस जगह शव मिला है, वह राजधानी का बेहद संवेदनशील और हाई-प्रोफाइल इलाका माना जाता है. यहां मोकामा के विधायक अनंत सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के सरकारी आवास हैं. ऐसे इलाके में शव मिलने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### बिहार में रिटायर्ड फौजी से 'देशद्रोह' के नाम पर हुई लाखों की ठगी, 'डिजिटल अरेस्ट' कर उड़ाए रुपये




**पटनाः** पटना में रिटायर्ड फौजी को 'डिजिटल अरेस्ट' कर पटनाः बिहार की राजधानी पटना से साइबर क्राइम की एक सनसनीखेज खबर सामने आई है. यहां साइबर अपराधियों ने एक रिटायर्ड सैन्यकर्मी को 'डिजिटल अरेस्ट' का शिकार बनाकर उनसे लाखों रुपये की ठगी कर ली. ठगों ने खुद को बैंक अधिकारी और पुलिस अधिकारी बताकर पहले उन्हें देशद्रोह जैसे गंभीर मामले में फंसाने का डर दिखाया, फिर करीब 10 दिनों तक मानसिक दबाव बनाकर 3.30 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए. घटना के बाद पीड़ित गहरे सदमे में चले गए और उन्होंने आत्महत्या का भी प्रयास किया.

**बैंक अधिकारी बता कर किया फोनः** घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पटना के मंदिरी इलाके में रहने वाले रिटायर्ड फौजी को सबसे पहले एक फोन आया. कॉल करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके नाम पर दिल्ली के चांदनी चौक स्थित एक बैंक शाखा में खाता संचालित हो रहा है, जिसमें करोड़ों रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ है. जब रिटायर्ड फौजी ने ऐसा कोई खाता होने से इनकार किया तो कॉल करने वाले ने कहा कि उन्हें दूसरे अधिकारी से बात कराई जाएगी.

**देशद्रोह से जुड़े लेनदेन का दिखाया डरः** वहीं कुछ देर बाद दूसरे व्यक्ति ने पीड़ित को फोन कर खुद को पुलिस अधिकारी बताया. उसने कहा कि आपके नाम पर बैंक खाता अपराधियों को बेचा गया है और उसी खाते के जरिए देशद्रोह से जुड़े मामलों में लेनदेन हुआ है. इसलिए आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होने वाली है. ठगों ने इस दौरान पीड़ित के घर की तस्वीरें और पुलिस की वर्दी पहने लोगों की तस्वीरें भी मोबाइल पर भेजीं. इससे रिटायर्ड फौजी को लगा कि वह पुलिस की निगरानी में हैं और मामला बेहद गंभीर है.

**10 दिनों तक रखा 'डिजिटल अरेस्ट':** साइबर ठग लगातार वीडियो कॉल और फोन के जरिए रिटायर्ड फौजी पर नजर बनाए रहे. उन्हें बार-बार निर्देश दिया गया कि वह किसी से इस मामले की चर्चा न करें. गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर उन्हें मानसिक रूप से पूरी तरह दबाव में रखा गया. इसी दौरान ठगों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि यदि वह जांच में सहयोग करेंगे तो उन्हें निर्दोष साबित कर दिया जाएगा. डरे हुए पीड़ित ने ठगों के कहने पर अपने बैंक खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 3.30 लाख रुपये अलग-अलग खातों में भेज दिए. बताया जाता है कि यह राशि उन्होंने परिवार के एक सदस्य की शादी के लिए जमा कर रखी थी.

**आत्महत्या का प्रयासः** बाद में जब ठगों का संपर्क टूट गया और उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ तो वह गहरे मानसिक तनाव में आ गए. परिजनों के अनुसार, ठगी की घटना के बाद रिटायर्ड फौजी काफी परेशान रहने लगे. वह कई दिनों तक घर से बाहर नहीं निकले और मानसिक रूप से टूट गए. इसी दौरान उन्होंने आत्महत्या का भी प्रयास किया. हालांकि समय रहते परिजनों ने उन्हें बचा लिया. बाद में पूरी घटना की जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को दी गई. इसके बाद उन्हें साइबर ठगी का शिकार होने का एहसास हुआ. जिसके बाद पीड़ित रिटायर्ड फौजी परिजनों के साथ साइबर थाने पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस मोबाइल नंबर, बैंक खातों और लेनदेन के आधार पर साइबर अपराधियों की पहचान में जुटी है.

**पुलिस की अपीलः** साइबर अपराधियों द्वारा 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई भी सरकारी एजेंसी या पुलिस फोन या वीडियो कॉल के जरिए किसी व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती और न ही किसी जांच के नाम पर पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहती है. यदि कोई व्यक्ति खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी, कोर्ट या किसी अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर डराए या पैसे मांगने का दबाव बनाए तो तुरंत कॉल काटें, इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दें और तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं.

# ट्रक से टक्कर के बाद कार में लगी आग, दो लोग जिंदा जले, चालक गंभीर

एजेंसी



**गया जी :** जिले के बोधगया थाना क्षेत्र में बीती रात करीब 1:30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां सिजुआ गांव के पास डोभी-पटना फोरलेन पर तेज रफ्तार कार की एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर के बाद कार में आग लग गई, जिससे कार में सवार दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई. वहीं कार चलाक गंभीर रूप से झुलस गया. उसे इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है.जानकारी के मुताबिक, खाद से भरा एक 10 चक्का ट्रक सर्विस लेन से गलत दिशा में फोरलेन पर चढ़ रहा था. इसी दौरान डोभी से पटना की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ट्रक के डीजल टैंक से जा भिड़ी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि डीजल टैंक फट गया और देखते ही देखते आग ने कार और ट्रक दोनों को अपनी चपेट में ले लिया.आग तेजी से फैलने के कारण कार में बैठे दो लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. चालक किसी तरह बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुका था. आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी. हादसे के बाद ट्रक चालक और उसका खलासी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए. हादसे के कारण कई घंटे तक फोरलेन पर आवागमन प्रभावित हुआ. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा.दमकल की टीम ने आग बुझाने के बाद जले हुए वाहनों को हटाने का काम शुरू किया. गुरुवार सुबह जेसीबी और क्रेन की मदद से सड़क की साफ-सफाई कराई गई, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका. पुलिस को जांच के दौरान कार से कुछ खाली शराब की बोतलें भी मिली हैं. ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि हादसे के समय कार चालक और उसमें बैठे अन्य लोग नशे में थे. हालांकि अधिकारियों का कहना है कि केवल बोतलों के मिलने से किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता. जांच पूरी होने के बाद ही हादसे के सही कारणों का पता चल सकेगा. खबर लिखे जाने तक मृतकों और घायल चालक की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस वाहन के नंबर और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जानकारी जुटा रही है. साथ ही फरार ट्रक चालक और उसके खलासी की तलाश भी जारी है. पुलिस का कहना है कि हादसे की असली वजह जांच पूरी होने के बाद ही साफ होगी. फिलहाल घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है.

# भरत तिवारी की मां आज से भूख हड़ताल पर बैठेंगी? रिटायर्ड जज ने जांच को लेकर दी नई जानकारी

एजेंसी



**बिहारः** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में जांच ने अब रफ्तार पकड़ ली है. दूसरी तरफ भरत की मां ने आज से भूख पड़ताल करने का फैसला लिया था. एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान परिजनों ने दोषी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी. साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर मां आशा देवी ने भूख हड़ताल करने का फैसला लिया था. ऐसे में 11 बजे से वह भूख हड़ताल कर सकतीं हैं.

**दोषी पुलिसकर्मियों को सजा देने की मांग**

मिली जानकारी के मुताबिक, भरत तिवारी के घर के सामने एक पेड़ के नीचे आमरण अनशन होगा. मां ने बताया कि जब तक दोषी पुलिसकर्मियों को सजा नहीं मिलती, उनकी गिरफ्तारी नहीं होती है, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी. इसमें भरत की बहन रूबी कुमारी, भाई चंदन तिवारी, बसंत तिवारी और भाभी भी शामिल रहेंगी. बुधवार को एनकाउंटर मामले में परिजनों ने कोर्ट में बयान भी दर्ज कराया है.

**रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा ने जांच की दी जानकारी**

दूसरी तरफ, एनकाउंटर की न्यायिक जांच को लेकर रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा ने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आरा स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कार्यालय परिसर में न्यायिक जांच आयोग का कार्यालय स्थापित किया गया है. मामले में आगे की जांच अधिकारियों के साथ बैठक कर की जाएगी. पूरे मामले की जांच रिपोर्ट सरकार को 6 महीने के अंदर सौंपना है.

**क्या-कुछ किया जाएगा जांच?**

रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, जांच का पहला उद्देश्य घटना की पूरी पृष्ठभूमि, घटनाक्रम और उन प्रत्यक्ष और परोक्ष परिस्थितियों की पड़ताल करना है जिसकी वजह से यह घटना घटित हुई. साथ ही 17 जून को बिलौटी में हुए पुलिस की कार्रवाई की जांच और जरूरत पड़ने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करना है.

**गवाहों के बयान जल्द होंगे दर्ज**

इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि गवाहों को समन जारी किया जाना शुरू कर दिया गया है.

# मेरे पति से दूर हो जाओ...' महिला दारोगा संग बीडीओ की आशिकी ने ली पत्नी की जान, वीडियो कॉल पर टॉर्चर की खौफनाक इनसाइड स्टोरी

एजेंसी



**मुजफ्फरपुरः** बिहार के मुजफ्फरपुर से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है. जाले के बीडीओ मनोज कुमार और बेगूसराय में तैनात महिला दारोगा अनु कुमारी के बीच चल रहे 'इश्क के खेल' ने एक हंसती-खेलती जिंदगी को लील लिया. बीडीओ की पत्नी अमृता कुमारी ने पति की बेवफाई और प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी मौत हो गई. पुलिस की तफ्तीश में इस हाई-प्रोफाइल लव ट्रायंगल की जो कहानी सामने आई है, वह बेहद चौंकाने वाली है.

**क्लब रोड वाली कोचिंग और 6 साल का वो अफेयर**

इस पूरी कहानी की शुरूआत साल 2020 में मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा स्थित क्लब रोड की एक प्रतिष्ठित कोचिंग से हुई थी. यहीं बीडीओ मनोज और महिला दारोगा अनु कुमारी की नजरें चार हुईं और दोनों के बीच अफेयर शुरू हो गया. दिलचस्प बात यह है कि मृतक अमृता और आरोपी महिला दारोगा अनु दोनों सीतामढ़ी की रहने वाली थीं और दोनों ने एक ही महिला कॉलेज से ग्रेजुएशन भी किया था. इसी बीच बीडीओ मनोज ने अमृता को अपने जाल में फंसाया और दिसंबर 2022 में दोनों ने लव मैरिज कर ली. लेकिन, मनोज ने इस शादी की बात अपनी 'लेडी लव' अनु से छिपाए रखी.

**जब अमृता ने कहा- 'मेरे पति से दूर हो जाओ'**

शादी के बाद जब अमृता को अपने पति और महिला दारोगा के अवैध संबंधों की भनक लगी, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई. अमृता ने हिम्मत जुटाकर अनु को सीधे फोन लगाया और दो टूक कहा–₹हमारी शादी हो चुकी है, मेरे पति से दूर हो जाओ.₹ इस खुलासे के बाद अनु बीडीओ से दूरी बनाने लगी थी, इसी भरोसे के दम पर दोनों का इश्क बेगूसराय पोस्टिंग के दौरान और परवान चढ़ने लगा, जबकि घर में अमृता की जिंदगी नर्क बन गई.

**वीडियो कॉल पर 'खूनी टॉर्चर' और आखिरी सांस**

अमृता की मौत वाले दिन की कहानी सबसे ज्यादा दर्दनाक है. बीडीओ मनोज अपनी विभागीय ट्रेनिंग के लिए पटना में था, जबकि महिला दारोगा अनु दरभंगा में पीजी की परीक्षा दे रही थी. परिजनों का आरोप है कि दोनों ने छुपकर पटना में मुलाकात की. वहां से दोनों ने एक साथ अमृता को वीडियो कॉल किया. कॉल पर दोनों ने अमृता को इस कदर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और ऐसी बातें कहीं कि टूट चुकी अमृता ने खौफनाक कदम उठाते हुए जहर खा लिया. यही नहीं, दोनों अक्सर अपनी मुलाकातों और बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें-वीडियो अमृता को भेजकर उसे हर पल तड़पाते थे.

**पेन ड्राइव में कैद 'आशिकी की पूरी कुंडली'**

जब मिठनपुरा पुलिस महिला दारोगा को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंची, तो उसके घरवाले दंग रह गए. अनु मटिहानी थाने में तैनात थी और 10 दिन की छुट्टी लेकर एक महीने से ज्यादा समय से गायब (ओवरस्टे) चल रही थी. अब अमृता के परिजनों ने पुलिस को एक पेन ड्राइव सौंपी है, जिसमें बीडीओ और महिला दारोगा की चैट्स, तस्वीरें और वीडियो कॉल के रूप में उनकी आशिकी का कच्चा चिट्ठा मौजूद है. पुलिस इसी पेन ड्राइव के सबूतों के आधार पर दोनों पर शिकंजा कस रही है.

# आधी रात बम के हमलों में कांपा इलाका, निशाने पर था किराना कारोबारी

एजेंसी

**वैशाली :** बिहार के वैशाली जिले में एक किराना दुकानदार के घर पर बदमाशों ने बम से हमला कर दिया. बमबाजी की घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई. इधर किराना दुकानदार ने पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है.

**वैशाली में आधी रात बम से हमला :** पीड़ित दुकानदार उदय मिश्र ने बताया कि देर रात करीब 12-1 बजे के बीच उनके दरवाजे पर दो बम फेंके गए. उस समय लगा कि कहीं ट्रक का पहिया फटा है. धमाके जैसी आवाज है. सुबह देखा तो सुतली, शीशे, फूल के गमले में लगे फूल के पौधे इधर-उधर बिखरे हुए पड़े थे.

**दो जिंदा बम भी बरामद :** पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी. सदर थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची जहां से पुलिस ने 2 विस्फोटित बम के अवशेष और 2 जिंदा सुतली बम बरामद किया है. दोनों बमों को पुलिस ने निष्क्रिय कर दिया है. इस मामले में पुलिस



की कार्रवाई चल रही है.

**एफएसएल और बम स्क्वॉड :** पुलिस ने बताया कि जांच के लिए मौके पर FSL की टीम और बम स्क्वॉड को भी बुलाया गया है. इस बारे में सदर एसडीपीओ-1 सुबोध कुमार ने बताया कि किराना दुकानदार का पूर्व से भी विवाद चला आ रहा है. उदय मिश्रा के लड़के पर पहले से 3 से अधिक मामले दर्ज हैं.

**'हर पहलू पर पुलिस कर रही जांच'** : एसडीपीओ सुबोध कुमार ने प्राथमिक जांच के आधार पर बताया कि घर में लगा सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त मिला है. उससे छेड़छाड़ की आशंका है. इस पहलू पर भी पुलिस और एफएसएल की टीम जांच कर रही है. इस बमबाजी में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. यह धमाका दहशत फैलाने के लिए किया गया है.

# घर का खाना हुआ महंगा, पांच माह के हाई पर शाकाहारी व नॉन-वेज थाली

नई दिल्ली

जून में घर पर बनने वाली शाकाहारी और नॉन-वेज थाली दोनों की लागत पिछले पांच महीनों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इसकी वजह टमाटर, प्याज, खाद्य तेल, रसोई गैस और ब्रॉयलर चिकन की बढ़ती कीमतें रहीं। यह जानकारी क्रिसिल इंटेलिजेंट की मासिक रोटी राइस रिपोर्ट में दी गई है।

- वजह टमाटर, प्याज, खाद्य तेल व रसोई गैस व ब्रॉयलर चिकन की कीमतें बढ़ी

जून में शाकाहारी थाली की कीमत 28.4 रुपए रही, जो मई में 27.4 रुपए थी। यानी एक महीने में इसमें 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं, जून 2025 के मुकाबले यह 5 प्रतिशत महंगी हो गई। दूसरी ओर, नॉन-वेज थाली की कीमत 58.2 रुपए रही, जो मई में 56.5 रुपए थी। यह मासिक आधार पर 3 प्रतिशत और पिछले साल के मुकाबले 6 प्रतिशत महंगी हुई।

## क्रिसिल इंटेलिजेंट की रोटी प्राइस रेट की रिपोर्ट जारी

### टमाटर ने सबसे ज्यादा बढ़ाया खर्च

रिपोर्ट के मुताबिक, टमाटर की कीमत एक साल में 31 प्रतिशत बढ़कर 42 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। जून 2025 में यह 32 रुपए प्रति किलो थी। फरवरी और मार्च में ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से गर्मियों की फसल की बुआई देर से हुई और उत्पादन भी कम रहा। इसी कारण टमाटर महंगा हुआ।

### टमाटर 17 प्रतिशत महंगा हुआ

मई के मुकाबले जून में टमाटर 17 प्रतिशत, आलू 5 प्रतिशत और प्याज 8 प्रतिशत महंगे हुए। इसी वजह से जून में शाकाहारी थाली की लागत और बढ़ गई। हालांकि, आलू की कीमतों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई। नई रबी फसल आने से इसकी कीमत कम हुई। इससे थाली की लागत में बढ़ोतरी कुछ हद तक सीमित रही।





### एलपीजी की कीमतें 10 प्रतिशत सालाना बढ़ी

वहीं, प्याज की कीमत सालाना आधार पर 2 प्रतिशत बढ़ी, क्योंकि बाजार में महंगे रबी स्टॉक की आवक शुरू हुई। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य तेल और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी सालाना 10-10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसकी एक वजह पश्चिम एशिया में तनाव के कारण सप्लाई प्रभावित होना भी रही।

### नॉन-वेज थाली क्यों हुई महंगी?



नॉन-वेज थाली की कीमत बढ़ने की सबसे बड़ी वजह ब्रॉयलर चिकन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉयलर की कीमत सालाना आधार पर करीब 7 प्रतिशत बढ़ी, जबकि महीनेभर में इसमें करीब 2 प्रतिशत की तेजी आई। क्रिसिल के अनुसार, नॉन-वेज थाली की कुल लागत का करीब आधा हिस्सा ब्रॉयलर पर निर्भर करता है। भीषण गर्मी की वजह से सप्लाई कम रही, जिससे चिकन की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली।

## सिबिल के एमडी जैन ने कहा, सकारात्मक कारकों के बावजूद वृद्धि नहीं

# भारत में ऋण गुणवत्ता में सुधार के बावजूद क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम

- बकाया भुगतान में चुक के स्तर में सुधार आने के बावजूद कार्ड की पहुंच कम
- व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का योगदान घटा है

मुंबई

ट्रांसयूनियन सिबिल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी भवेश जैन ने बुधवार को कहा कि बकाया भुगतान में चूक (डिलिंक्वेंसी) के स्तर में सुधार जैसे कई सकारात्मक कारकों के बावजूद विकसित ही नहीं बल्कि विकासशील देशों की तुलना में भी भारत में क्रेडिट कार्ड की पहुंच कम है।

जैन ने कहा कि व्यापक ऋण परिवेश में इस उत्पाद का योगदान घटा है। नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत ही ऐसे हैं जो पहली बार ऋण प्रणाली से जुड़े हैं, जबकि एक वर्ष पहले यह अनुपात 26 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि भारत में 5.2 करोड़ लोगों के पास क्रेडिट कार्ड हैं, जो लगभग 25 करोड़ सक्रिय ऋण ग्राहकों की कुल संख्या का केवल 25 प्रतिशत है।

### सबसे अधिक क्रेडिट कार्ड का उपयोग हांगकांग में

एमडी ने कहा कि विकसित और विकासशील देशों में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले लोगों का अनुपात इससे अधिक है। क्रेडिट सूचना कंपनी द्वारा तैयार एक श्वेतपत्र के अनुसार, यह अनुपात कोलंबिया में 62 प्रतिशत, हांगकांग में 98 प्रतिशत, अमेरिका में 81 प्रतिशत और ब्रिटेन में 70 प्रतिशत है।

## नए जुड़े ग्राहकों में केवल आठ प्रतिशत पहली बार इस प्रणाली से जुड़े




### उपभोक्ताओं की संख्या 5.2 करोड़ हुई

पिछले एक दशक में कई मानकों पर वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान बकाया राशि 8.3 गुना होकर 3.1 लाख करोड़ रुपये हो गई, क्रेडिट कार्ड रखने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 3.6 गुना होकर 5.2 करोड़ हो गई और कार्डों की संख्या 5.1 गुना होकर 10.7 करोड़ रही।

### ग्राहकों के लिए अब कई विकल्प उपलब्ध

श्वेतपत्र में कहा गया कि वर्षों में मुख्य रूप से उपभोग के लिए इस्तेमाल होने वाले क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए प्रमुख असुरक्षित ऋण उत्पाद नहीं रह गए हैं। इसके पीछे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), व्यक्तिगत ऋण आदि जैसे विकल्प उपलब्ध होना है जिनसे इसकी प्रतिस्पर्धा है।

**क्रेडिट कार्ड पर दो प्रतिशत का एमडीआर लगता है :** वर्तमान में प्रत्येक क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर दो प्रतिशत तक का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाया जाता है। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को लेनदेन पर 'रिवॉर्ड प्वाइंट' जैसे लाभ भी मिलते हैं। वर्तमान में उपयोगकर्ता वीजा और मास्टरकार्ड जैसे अन्य नेटवर्क के क्रेडिट कार्ड को यूपीआई ऐप से नहीं जोड़ सकते, जिससे इसका उपयोग सरकार समर्थित रुपे तक सीमित रहता है।

***महामारी के दौरान इसमें जरूर व्यवधान रहा :*** *भौगोलिक दृष्टि से दिलचस्प बात यह है कि अब क्रेडिट कार्ड केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अर्द्ध-शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इन्हें रखने लगे हैं। पोर्टफोलियो गुणवत्ता के दृष्टिकोण से श्वेतपत्र में कहा गया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी संकट के दौरान जरूर कुछ व्यवधान आया था, लेकिन अब वह पीछे छूट चुका है और समग्र गुणवत्ता में सुधार देखा गया है।*

**तीन या उससे अधिक क्रेडिट कार्ड रखने वाले बढ़े:** श्वेतपत्र में कहा गया कि अपने बटुए में तीन या उससे अधिक क्रेडिट कार्ड रखने वाले लोगों का अनुपात एक दशक पहले के 12 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गया है। इसी अवधि में उपभोग ऋण में सक्रिय कार्डों की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत से घटकर 38 प्रतिशत रह गई है। जैन ने कहा कि युवा आबादी के पास क्रेडिट कार्ड होने की संभावना अधिक है।

# अब डॉलर नहीं रुपए में फीस भरेंगे विदेशी निवेशक

नई दिल्ली




बाजार नियामक सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए पंजीकरण शुल्क ढांचे में बदलाव करते हुए डॉलर आधारित व्यवस्था को खत्म कर रुपये में शुल्क तय करने का फैसला किया है। सेबी ने तीन जुलाई को जारी अधिसूचना में कहा कि इस बदलाव को लागू करने के लिए एफपीआई से संबंधित नियमों में संशोधन किया गया है। संशोधित प्रावधान छह महीने बाद प्रभावी होंगे। सेबी ने तीन जुलाई को जारी अधिसूचना के जरिये प्रथम श्रेणी के एफपीआई के लिए पंजीकरण शुल्क को 2,500 डॉलर से संशोधित कर 2.3 लाख रुपये कर दिया। वहीं, द्वितीय श्रेणी के एफपीआई के लिए पंजीकरण शुल्क को 250 डॉलर से संशोधित कर 23,000 रुपये कर दिया गया है। बाजार नियामक ने नियमों के कड़े अनुपालन से सामान्य छूट या रियायत मांगने के लिए आवेदन शुल्क भी 1,000 डॉलर से संशोधित कर पात्र विदेशी मुद्रा के समतुल्य 90,000 रुपये कर दिया है। सेबी ने एफपीआई पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले साझा आवेदन पत्र को भी अद्यतन किया है। नियामक ने 'स्थायी खाता संख्या' (पैन) आवंटन की सुविधा के लिए साझा आवेदन पत्र में आवेदक की जन्म तिथि या कंपनी के गठन की तिथि को शामिल करना अनिवार्य किया है।

- सेबी ने डॉलर आधारित व्यवस्था को किया खत्म
- पंजीकरण शुल्क रुपए में तय करने का निर्देश


नामित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीडीपी) को पंजीकरण दिए जाने के बाद एकत्रित पंजीकरण शुल्क पांच कार्य दिवस के भीतर सेबी को जमा कराना होगा।

### पंजीकरण के पांच दिवस के अंदर विवरण जमा करना होगा

सेबी ने कहा, "हरेक नामित डिपॉजिटरी प्रतिभागी प्रारंभिक पंजीकरण के मामले में एफपीआई से एकत्रित शुल्क भारतीय रुपये में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक को पंजीकरण प्रमाणपत्र दिए जाने की तिथि से पांच कार्य दिवस के भीतर, समय-समय पर निर्धारित प्रारूप में विवरण के साथ बोर्ड को जमा करेगा।"

# खाड़ी में तनाव बढ़ने से सोना 800 रुपए टूटा

नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई और यह 800 रुपये टूटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

कमजोर वैश्विक रुख और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से निवेशकों की कारोबारी धारणा कमजोर हो गई।

- सोना टूटकर 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के 1,49,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 800 रुपये टूटकर 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गया। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं। बाजार सूत्रों ने कहा कि सर्राफा पर दबाव बना रहा क्योंकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी, जिससे अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर में बढ़ोतरी हुई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही। विदेशी व्यापार में कमजोरी, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ने कीमती धातुओं के प्रति कारोबारी धारणा को कमजोर कर दिया।''

## महिंद्रा एसयूवी, वाणिज्यिक वाहनों के दाम बढ़ाएगी



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड जिंसों की बढ़ती लागत की भरपाई के लिए 10 जुलाई से अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में औसतन क्रमशः 2.7 प्रतिशत और दो प्रतिशत की वृद्धि करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'कीमतों में यह वृद्धि मुख्य रूप से जिंस लागत में बढ़ोतरी के कारण की जा रही है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में वृद्धि की मात्रा अलग-अलग उत्पादों के आधार पर अलग-अलग होगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा के एसयूवी पोर्टफोलियो में लोकप्रिय स्कॉर्पियो श्रृंखला, थार, एक्सयूवी 3एक्सओ और एक्सयूवी 7एक्सओ समेत अन्य मॉडल शामिल हैं। इन वाहनों की शोरूम कीमतें 7.54 लाख रुपये से लेकर 25.07 लाख रुपये तक हैं

# आईएमएफ ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

वाशिंगटन



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बुधवार को ईरान युद्ध से पैदा हुए ऊर्जा संकट का हवाला देते हुए इस वर्ष के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के अपने अनुमान में मामूली कटौती की है। आईएमएफ ने अब अनुमान लगाया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2026 में धीमी तीन प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह पिछले साल की 3.5 प्रतिशत वृद्धि और अप्रैल में लगाए गए 3.1 प्रतिशत के अनुमान से कम है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2027 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान ने 28 फरवरी को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया था, जहां से दुनिया के कुल कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का पांचवां हिस्सा आता है।

- आईएमएफ ने ऊर्जा संकट का दिया हवाला
- मुद्रा कोष ने अनुमान को घटाकर तीन प्रतिशत किया

### चीन की अर्थव्यवस्था 4.6 फीसदी की दर से बढ़ रही

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 2025 की कर कटौती, उत्पादकता में बड़ी वृद्धि और मजबूत शेयर बाजार भी अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के इस साल 4.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह 2025 के पांच प्रतिशत से कम है, लेकिन अप्रैल में आईएमएफ के अनुमान से कुछ बेहतर है।

### अमेरिका की वृद्धि दर 2.3 फीसदी रहने का अनुमान

आईएमएफ के अनुसार, वे देश जो खुद ऊर्जा का उत्पादन और निर्यात करते हैं तथा कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश से लाभ उठा रहे हैं, वे युद्ध के आर्थिक प्रभाव से अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। इनमें अमेरिका भी शामिल है। आईएमएफ ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका की वृद्धि दर इस साल 2.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो 2025 के 2.1 प्रतिशत से अधिक है और अप्रैल के अनुमान के समान है।

## उत्पादकों का भ्रामक दावा

# फर्न्स और कुबेरा फूड्स को फसाई का नोटिस

- लेबलिंग मानकों का किया उल्लघंन

नई दिल्ली

खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने विभिन्न खाद्य उत्पादों पर भ्रामक दावों और लेबलिंग मानकों के उल्लंघन को लेकर लोटे इंडिया, फर्न्स एन पेटल्स और कुबेरा फूड्स को नोटिस जारी किए हैं। एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि इन कंपनियों को सात दिन के भीतर यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया गया है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जाए।

- सात दिनों के भीतर देना होगा स्पष्टीकरण

एफएसएसएआई ने लोटे इंडिया कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड को '' विभिन्न खाद्य उत्पादों पर मानकों के अनुरूप नहीं होने वाले पूर्व-मुद्रित लेबल के उपयोग और भ्रामक लेबलिंग दावों'' को लेकर नोटिस जारी किया है। एफएसएसएआई ने लोटे इंडिया द्वारा मानकों के अनुपालन में कई तरह की कमियां पाई हैं। उसने कहा, कंपनी ने पूर्व अनुमति लिए बिना पुराने नाम 'लोटे इंडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड' वाले ऐसे पूर्व-मुद्रित लेबल का उपयोग किया, जो मानकों के अनुरूप नहीं थे। इसके अलावा, लोटे चोको पाई विद रिच मार्शमेलो, लोटे चोको पाई रियल ऑरेंज और लोटे चोको पाई चोको बर्स्ट पर ''100 प्रतिशत शाकाहारी'' का दावा किया गया है, जिसे भ्रामक पाया गया। कंपनी के पेपेरो क्रंची बिस्किट स्टिक्स और पेपेरो ओरिजिनल बिस्किट स्टिक्स उत्पादों पर निर्धारित तरीके से पोषण संबंधी जानकारी नहीं दी गई है। इसके एक अन्य उत्पाद लॉली ब्लिस लॉलीपॉप (ऑरेंज, स्ट्रॉबेरी और कच्चा आम फ्लेवर) में विटामिन का स्तर एफएसएस (विज्ञापन एवं दावे) विनियमों के प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाया गया।

### उत्पाद में कृत्रिम खाद्य रंग व फ्लेवरिंग का उल्लेख नहीं

नियामक ने कहा कि उत्पाद के सामने वाले हिस्से पर '100 प्रतिशत प्राकृतिक' और 'कोई परिरक्षक, रंग एवं फ्लेवर नहीं' जैसे दावे किए गए हैं जबकि उत्पाद के लेबल पर परिरक्षक, कृत्रिम खाद्य रंग और मिलाए गए फ्लेवरिंग पदार्थों का उल्लेख है। उसने कहा कि "शुद्ध, ताजा और प्राकृतिक" जैसे दावे कानून का उल्लंघन हैं।

# टाटा समूह का वाहन कारोबार 100 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

- कंपनी की 81 वीं वार्षिक बैठक में जानकारी दी गई
- घरेलू कारोबार में 40 हजार करोड़ रुपए पहुंचाने का लक्ष्य

मुंबई

टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि अगले पांच साल में समूह का वाहन कारोबार 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके लिए घरेलू कारोबार में 40,000 करोड़ रुपये और जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) में लगभग 20 अरब ब्रिटिश पाउंड के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखा गया है। चंद्रशेखरन ने बुधवार को यहां कंपनी की 81वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए शेयरधारकों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में कंपनी का लक्ष्य 40-45 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी बनाए रखना है। वर्तमान में उसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 42 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-20 से 2029-30 की अवधि में बिक्री मात्रा में 10 गुना वृद्धि और 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा, '' मैं कहना चाहता हूं कि दोनों कंपनियों (टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा मोटर्स लिमिटेड) ने बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

## एलन की संपत्ति अब 992-997 बिलियन डॉलर के करीब हो गई

# मस्क से तीन हफ्ते में ही छिन गया ट्रिलियनेयर का दर्जा

नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क से तीन हफ्ते में ही ट्रिलियनेयर का दर्जा छिन गया है। दरअसल, स्पेस एक्स के शेयर में आई गिरावट की वजह से उनकी संपत्ति अब 992-997 बिलियन डॉलर के करीब हो गई है। यानी दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बने मस्क की संपत्ति 13 अंकों के नीचे आ गई है।

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का आईपीओं 12 जून को आया था, जिसकी लिस्टिंग अमेरीकी शेयर बाजार नेसडेक पर हुई थी, लेकिन ज्यादातर निवेशकों को कंपनी के शेयर नहीं मिल पाए थे। लिहाजा, 135 डॉलर प्रति शेयर की कीमत वाला आईपीओ लिस्ट होने के बाद 150 डॉलर प्रति शेयर पर खुला, जिसकी वजह से कंपनी का कुल मार्केट कैप 2.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यानी स्पेस एक्स का मार्केट कैप अमेजन के मार्केट कैप को भी पछाड़ दिया था। इसके साथ ही मस्क की व्यक्तिगत संपत्ति 1.4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई थी।

- स्पेसएक्स के आईपीओ के बाद कंपनी का मार्केट कैप 2.8 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया था



### जानकारों को अब भी है स्पेसएक्स पर भरोसा

ऊपरी स्तर से स्पेसएक्स की शेयर में आई 30 प्रतिशत की गिरावट के बाद भी जानकारों को भरोसा कंपनी पर बना हुआ है। वेस्टेड फाइनेंस के फाउंडर और सीईओ विक्रम शाह का कहना है कि ऐसा नहीं है कि स्पेसएक्स कंपनी अचानक से कोई कमजोर कंपनी बन गई है। उनके मुताबिक, निवेशक जो देख रहे हैं, वह उम्मीदों के असलियत से आगे निकल जाने का एक क्लासिक उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी चाहे कितनी भी अच्छी क्यों हो, जब ऊंचे दामों पर लिस्ट होती है, तो गिरावट आना स्वाभाविक है।

### स्पेसएक्स एआई के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा

शाह का कहना है कि ऐसा नहीं है कि कंपनी का फंडामेंटल अचानक से खराब हो गई है। आज भी स्टार लिंक का विस्तार तेजी से जारी है और कंपनी करोड़ों सब्सक्राइबर्स को जोड़ रही है। इसके साथ ही कंपनी पूरी ताकत के साथ एआई पर तेजी से काम कर रही है। कंपनी ने एआई कोडिंग स्टार्टअप 'कर्सर' को 60 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में खरीदने की घोषणा के बाद, स्पेसएक्स अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रही है।

### इस वजह से संपत्ति में आई गिरावट

हालांकि, कंपनी के शेयर को लेकर जारी यूफोरिया जल्द ही समाप्त हो गया और जुलाई महीने की शुरुआत के साथ ही कंपनी के शेयर में ऊपरी स्तर से 30 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप

### पंजाब एंड सिंध बैंक को गिफ्ट सिटी का लाइसेंस


**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक को गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में आईएफएससी बैंकिंग इकाई स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण से लाइसेंस मिल गया है। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। वैश्विक स्तर की अपतटीय बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### रुपया 59 पैसे टूटकर 95.55 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 59 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.55 (अस्थायी) पर रहा। होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन वाणिज्यिक पोतों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद अमेरिकी सेना ने बुधवार तड़के ईरान के खिलाफ हमले किए। इससे दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने को लेकर हुए अंतरिम समझौते पर खतरा खड़ा हो गया है।

### नैक पैकेजिंग आठ प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** पैकेजिंग समाधान प्रदाता नैक पैकेजिंग लिमिटेड का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने 170 रुपये के निर्गम मूल्य की तुलना में करीब आठ प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। कंपनी का शेयर 186 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य की तुलना में 9.41 प्रतिशत अधिक है। 12.94 प्रतिशत चढ़कर 192 रुपये पर पहुंच गया।

### अलायंस इंश्योरेंस ने डेढ़ लाख बीमा दावों का किया निपटान

**नई दिल्ली।** अलायंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स ने वित्त वर्ष 2025-26 में समूह स्वास्थ्य बीमा के 1.5 लाख से अधिक दावों का निपटान किया। इस दौरान कुल 1,100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने 96 प्रतिशत दावों का निपटान 10 कार्य दिवस के भीतर किया। आश्रितों सहित 58 लाख लोगों को बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

### पई को साउथ इंडियन बैंक का एमडी नियुक्त करने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महेश मुरलीधर पई को तीन साल के लिए साउथ इंडियन बैंक का एमडी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति एक अक्टूबर से प्रभावी होगी। प्रस्ताव 16 जुलाई को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में रखा जाएगा।

### फोर्टिस ने एमडी रघुवंशी का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाया




**नई दिल्ली।** फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आशुतोष रघुवंशी को 19 मार्च, 2027 से अगले दो वर्ष के लिए प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में पुनर्नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि रघुवंशी का मौजूदा कार्यकाल प्रबंध निदेशक (प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में नामित) के रूप में 18 मार्च, 2027 को समाप्त हो रहा है।

# 72 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड ने मारी एंट्री



- शनिवार को चैंपियन अर्जेंटीना से भिड़ंत
- पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया पर दर्ज की जीत

वैंकूवर

रुबेन वर्गास ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे स्विट्जरलैंड खेले गए मैच के गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद कोलंबिया पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज करके 72 साल बाद विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। स्विट्जरलैंड का सामना अब शनिवार को मिसौरी के कनसास सिटी स्थित एरोहेड स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। अर्जेंटीना ने इससे पहले दिन में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मिस्र को 3-2 से हराया था। स्विट्जरलैंड 1954 में विश्व कप की मेजबानी करने के बाद से कभी भी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचा था।

### स्विस टीम मंज़ांबी के बिना उतरी मैदान में

स्विस टीम युवा मिडफील्डर जोहान मंज़ांबी के बिना मैदान में उतरी। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक तीन गोल किए थे। यह एक ऐसा मैच था, जिसमें किसी तरह का रोमांच नहीं था। अतिरिक्त समय के बाद भी कोई टीम गोल करने में सफल नहीं रही थी लेकिन स्विट्जरलैंड ने धैर्य बनाए रखा, जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुआ। विश्व कप में दो गोल कर चुके वर्गास ने पूरे अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था लेकिन वह मैच के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे। शूटआउट में कोलंबिया के डिफेंडर डेविंसन सांचेज का पेनल्टी शॉट क्रॉसबार से टकराया और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल ने कूचो हर्नांडेज के शॉट को बचा लिया।

### स्टेडियम में मौजूद थे 50 हजार से अधिक दर्शक

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी बीसी प्लेस में मौजूद लोगों में शामिल थे, जहां खचाखच भरे स्टेडियम में 52,497 दर्शकों में से अधिकांश कोलंबिया के समर्थन में पीले रंग के कपड़े पहने हुए थे। कोबेल ने कहा, ' दर्शकों का समर्थन उनके पक्ष में था, इसलिए हमारे लिए यह एक कठिन मुकाबला था। हम जानते हैं कि खेल के कुछ ऐसे क्षण थे जब हमें रक्षात्मक खेल खेलना था और मानसिक रूप से मजबूत रहना था। हमारे कुछ खिलाड़ी अनुपस्थित थे, इसलिए यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती थी।'

## 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे मेस्सी

**अटलांटा।** लियोनेल मेस्सी ने मिस्र के खिलाफ इस विश्व कप में अपना आठवां गोल दागा और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में आगे निकलने के साथ टूर्नामेंट में लगातार गोल करने का सिलसिला 9 मैचों का कर लिया। विश्व कप के मैचों में लगातार गोल करने का मेस्सी का सिलसिला 2022 से चला आ रहा है । वह लगातार 9 मैचों में 13 गोल कर चुके हैं।'गोल्डन बूट' की दौड़ में वह फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड से एक गोल आगे निकल गए हैं। इंग्लैंड के हैरी केन के छह गोल हैं। मेस्सी 2022 विश्व कप में 'गोल्डन बूट' की दौड़ में एमबाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। वहीं 2014 में उन्होंने चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया था।



# 5 घंटे 16 मिनट चला महासंग्राम सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

- नोवाक ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को हराया
- जोकोविच ने जीता विंबलडन का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल



लंदन

नोवाक जोकोविच की उम्र 39 वर्ष है लेकिन उनका जोश, जुनून और फिटनेस में किसी तरह की कमी नहीं आई है। इसका शानदार नजारा विंबलडन के सेंटर कोर्ट में देखने को मिला, जहां उन्होंने 5 घंटे से भी अधिक समय तक चले मैराथन मुकाबले में फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के विंबलडन चैंपियन जोकोविच ने कनाडा के 25 साल के ऑगर-एलियासिमे पर 7-6 (10), 3-6, 6-3, 6-7 (4), 7-6 (4) से जीत हासिल की और मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। यह मैच 5 घंटे 16 मिनट तक चला। इस तरह से यह विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मैच बन गया।

### युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं : जोकोविच

जोकोविच ने कहा, 'ये वो पल हैं, जिनके लिए मैं आज भी टेनिस खेलता हूं। मैं अब भी उन युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने में सक्षम हूं, जो मुझसे 15 साल छोटे हैं। मैं उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में हरा सकता हूं।'

### रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ मुकाबला

पांच घंटे से ज्यादा समय तक लगातार बेसलाइन पर चले कड़े मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ी बुरी तरह थक चुके थे। यह मुकाबला पांचवें सेट के तनावपूर्ण सुपर टाई-ब्रेक में अपने पीक पर पहुंचा। मैच का एक अहम पल 22-शॉट की लंबी और थका देने वाली रैली के दौरान आया। जोकोविच ने लगातार ऑगर-एलियासिम को कोर्ट के एक कोने से दूसरे कोने तक दौड़ाया। आखिर में मैराथन मुकाबले से बुरी तरह थक चुके कनाडाई खिलाड़ी ने फोरहैंड शॉट बाहर मार दिया, जिससे सर्बियाई खिलाड़ी को टाई-ब्रेक में 9-4 की मजबूत बढ़त मिल गई। इससे बाद जोकोवचि ने जीत के लिए एक पॉइंट हासिल करने के लिए काफी थके होने के बाद भी अपनी पूरी ताकत लगा दी और अपने वबिंलडन करियर का सबसे लंबा क्वार्टर फाइनल जीत लिया।

### सिनर के साथ होगा हाईवोल्टेज सेमीफाइनल

जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर का सामना करेंगे। इटली के इस खिलाड़ी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस सेमीफाइनल में टेनिस की सबसे रोमांचक प्रतिद्वंद्विताओं में से एक फिर से देखने को मिलेगी। सिनर ने पिछले साल विंबलडन सेमीफाइनल में जोकोविच को सीधे सेटों में हराया था, जबकि सर्बियाई खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में इटली के खिलाड़ी को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में हराया था।

### विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचे लगातार आठवीं बार

जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने विंबलडन के सेमीफाइनल में लगातार आठवीं बार पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में लगातार सबसे अधिक पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के मामले में रोजर फेडरर से एक कदम आगे निकल गए हैं। जोकोविच से बाद में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी से अपनी तुलना करने के लिए कहा गया, जो 39 वर्ष के हैं और अभी भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। जोकोविच ने उस महान फुटबॉलर के बारे में कहा,'उनके जैसा 90 मिनट खेलना अच्छा लगेगा।'

## खबर संक्षेप

### हमारे हर गेंदबाज ने किया अच्छा प्रदर्शन



**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का मानना है कि भारत में आईपीएल के दौरान आसान विकेट पर खेलने के बाद इंग्लैंड की परिस्थितियों में गेंदबाजी करना सामान्य स्थिति में वापसी करना है। आर्चर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यहां सब कुछ सामान्य हो गया है।' उन्होंने कहा, 'यहां आप अच्छी लेंथ पर सीधी गेंद फेंकने की कोशिश करते हैं। जबकि वहां, विकेट आसान होने और बाउंड्री छोटी होने के कारण बहुत सावधानी बरतनी पड़ती है।'

### न्यूजीलैंड सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले तीन मुकाबलों के लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। 19 वर्षीय युवा स्पिन गेंदबाज विटेल लॉज को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। विटेल लॉज ने मौजूदा घरेलू सीजन से पहले आयोजित तैयारी शिविर में सीनियर टीम के साथ भी अभ्यास किया था। उन्होंने इस साल हुए आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट अपने नाम किए थे। इसके साथ ही पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा डॉट गेंदें फेंकने का रिकॉर्ड भी उनके नाम रहा।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

# ईशान शीर्ष पर बरकरार बेथेल ने लगाई लंबी छलांग



दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी टी20 के बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाजों ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ईशान किशन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। भारत के खिलाफ जारी टी20 सीरीज के दूसरे मैच में नाबाद 76 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज जैकब बेथेल को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। बेथेल 7 स्थान ऊपर चढ़ते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श नौवें, जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दसवें स्थान पर हैं।

### बुमराह और वरुण को नुसान

टी20 गेंदबाजों की बात करें तो अफगानिस्तान के राशिद खान पहले, पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे, इंग्लैंड के आदिल रशीद 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए तीसरे, और ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए चौथे स्थान पर हैं। भारत के वरुण चक्रवर्ती को 2 स्थान का घाटा हुआ है, वह पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बोश क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं। दोनों को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। जसप्रीत बुमराह को दो स्थान का घाटा हुआ है, वह आठवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा नौवें और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दसवें स्थान पर हैं।

# दो हार के बाद दबाव में टीम इंडिया, हर हाल में जीतना होगा चौथा टी20

ब्रिस्टल

लगातार दो मैच हारने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जब गुरुवार को श्रृंखला के निर्णायक चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड के सामने होगी तो उसके सामने खिलाड़ियों के चयन को लेकर मुश्किल चुनौतियां होंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के मुश्किल हालात में ढलने के लिए संघर्ष कर रही है और टीम यह मैच हार गई तो सीरीज भी गंवा देगी।

टीम चयन को लेकर सबसे बड़ा सवाल संजू सैमसन को लेकर है। उन्हें दूसरे और तीसरे टी20 से बाहर कर 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को मौका दिया गया था। इस युवा खिलाड़ी का प्रदर्शन अब तक टीम के बाकी खिलाड़ियों से न तो खराब रहा है और न ही बहुत अच्छा।

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज



### सैमसन की वापसी की संभावना

टीम अभी 0-2 से पीछे चल रही है इसलिए भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सैमसन की वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया है। संजू का करियर पिछले चार महीनों में काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एक समय वह टीम से बाहर थे, फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम में लौटे, लेकिन अब फिर उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी सिर्फ कप्तान श्रेयस अय्यर पर नहीं है, जो अपनी वापसी करने वाली श्रृंखला में अचानक कप्तान बनाए जाने के बाद अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। बल्कि कोच गौतम गंभीर और अजीत अगरकर की चयन समिति पर भी बड़ी जिम्मेदारी है।

**टीम प्रबंधन की रणनीतियों की हो रही आलोचना**

टीम प्रबंधन की रणनीतियों की भी आलोचना हो रही है। यह देखना होगा कि क्या वे एक और सीरीज हारने की शर्मिंदगी से बच पाते हैं या नहीं। तीसरे टी20 में 125 रन की करारी हार के बाद ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों ने 'वी वांट संजू' (हमें संजू टीम में चाहिए) के नारे लगाए।

## कंपाउंड महिला टीम तीरंदाजी विश्व कप चरण चार के फाइनल में

मैड्रिड

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने बुधवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में नए कोच डेव कजिन्स के मार्गदर्शन में पदक जीतने की राह पर वापसी की जब महिला टीम ने फाइनल में जगह बनाई लेकिन पुरुष टीम मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गई।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में महिला वर्ग में परनीत कौर को छोड़कर सभी सात भारतीय कंपाउंड तीरंदाज राउंड ऑफ 32 में पहुंचने के बाद पदक की दौड़ में बने हुए हैं। मैड्रिड में चरण चार के साथ ही अमेरिका के दिग्गज कजिन्स का भारत के कंपाउंड कोच के तौर पर कार्यकाल शुरू हुआ।

मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद अमेरिकी कोच के मार्गदर्शन में भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने क्वालीफिकेशन दौर में प्रभावित किया। पुरुष टीम ने शीर्ष वरीयता हासिल की और महिला टीम सातवीं वरीय के रूप में नॉकआउट में पहुंची। ज्योति सुरेखा वेन्नम, चिकिता तनिपार्थी और पृथिका प्रदीप की महिला तिकड़ी फाइनल मुकाबले तक पहुंची।

तीन साल 5 महीने में जीती पहली टेस्ट सीरीज

## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ 23 साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

एंटीगुआ

वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच विवियन रिचर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ। श्रीलंका से मिले 302 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 109 रन बनाए, जिसके बाद दोनों कप्तानों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। दूसरा टेस्ट ड्रॉ होने के साथ ही वेस्टइंडीज ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया। वेस्टइंडीज ने 23 साल बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज को अपने नाम किया है। इसके साथ ही पिछले 3 साल और 5 महीने में यह कैरेबियाई टीम की पहली टेस्ट सीरीज जीत है।




दूसरी पारी में वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल और ब्रैंडन किंग ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ही बल्लेबाजों ने अर्धशतकीय पारी खेली। कैंपबेल 113 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि किंग 5 चौके और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

# भारतीय महिला मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 चैंपियनशिप में नौ पदक पक्के किए

**जकार्ता ।** भारत की अंडर-23 महिला मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को नौ वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए। तनु (51 किग्रा) ने थाईलैंड की केवालिन नोरासिंग के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि निशा (54 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान की आलियाक्सर सिम्बैट के खिलाफ इसी अंतर से जीत हासिल की। निधि ने 48 किग्रा वर्ग में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन खंडित फैसले में कजाखस्तान की गुलनाज बुरीबायेवा से 2-3 से हार गईं। प्राची (57 किग्रा) ने कोरिया की येजिन ओह के खिलाफ पहले दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से शानदार जीत हासिल की। निकिता चंद (60 किग्रा) ने चीनी ताइपे की चेन शुआन ये के खिलाफ तीसरे राउंड में आरएससी से जीत दर्ज की जबकि काजल (65 किग्रा) ने कड़े मुकाबले में जापान की अरिंडा अकिमोतो को 4-1 से हराया। भारत ने अंडर-23 महिला प्रतियोगिता में कुल नौ पदक पक्के कर लिए हैं क्योंकि सभी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मुक्केबाजों को पदक मिलता है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मुक्केबाजों में तनु (51 किग्रा), निशा (54 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), निकिता चंद (60 किग्रा), काजल (65 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा), मुस्कान (75 किग्रा), नैना (80 किग्रा) और प्रियंका (80 किग्रा से अधिक) शामिल हैं।

हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य जीतकर ओलंपिक के लिए कोटा हासिल की थीं

# 22 साल की स्वैग वाली मुक्केबाज, राष्ट्रमंडल खेलों में 'गोल्ड' पर नजरें

नई दिल्ली

युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार ने अपने करियर की शुरुआत में ही यह सबक सीख लिया था कि जीवन में कुछ भी निश्चित नहीं होता और उम्मीद के अनुरुप योजनाएं काम नहीं करती इसलिए वह शानदार नतीजों के भरोसे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर नजरें लगाए हैं। वह किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रही हैं।

22 साल की बैंथमवेट (54 किग्रा) मुक्केबाज प्रीति पिछले तीन साल में भारत की सबसे होनहार मुक्केबाजों में से एक बनकर उभरी हैं। उन्होंने मुश्किलों का सामना करते हुए लगातार पदक जीते हैं। प्रीति ने 2023 में सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बावजूद प्रभावित किया। उसी साल बाद में उन्होंने हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करके वापसी की।



### लंबे ब्रेक के बाद प्रीति ने की जबरदस्त वापसी

प्रीति ने कहा, 'मैं राष्ट्रमंडल खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं और भारत के लिए पदक पदक जीतना चाहती हूं। देखते हैं क्या होता है क्योंकि कभी-कभी हम कुछ योजना बनाते हैं लेकिन चीजें वैसी नहीं होतीं जैसी हम चाहते हैं।' ओलंपिक के बाद लंबे ब्रेक के बाद प्रीति ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीता और फिर स्पेन में बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने कड़े मुकाबले के बीच एशियाई चैंपियनशिप का खिताब जीता।

### सुधार की काफी गुंजाइश : प्रीति

एशियाई चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक भी महत्वपूर्ण हो गया क्योंकि इस साल के आखिर में एशियाई खेलों में भी कई वही प्रतिद्वंद्वी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छा मुकाबला था और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए बहुत अच्छा था क्योंकि वहां भी मुझे वही प्रतिद्वंद्वी मिलेंगे। इसने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने का काम किया है। वहां मेरा प्रदर्शन एक अच्छा संकेत था।' हालिया सफलता के बावजूद प्रीति का मानना है कि सुधार की काफी गुंजाइश है क्योंकि वह 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं।

# ट्रंप के आदेश पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ईरान पर भीषण बमबारी

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी बमबारी से ईरान धुआं-धुआं हो गया है.राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद अमेरिकी वायु सेना ने हमलों को अंजाम देना शुरू कर दिया है. ट्रंप ने साफ कह दिया था कि बुधवार रात ईरान पर विध्वंसक हमला करेंगे. ट्रंप के आदेश पर अमेरिकी सेना द्वारा ईरान के बंदर अब्बास और सीरिक समेत कई इलाकों में भीषण हमले किये जाने की खबर है. ईरानी समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार चाबहार, कोनारक के पास हमले हुए हैं. तेज धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा है. ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना का कहना है कि अमेरिका के नये हमलों से चाबहार के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है. इतना ही नहीं, ईरान के अक्काला में रेलवे ब्रिज उड़ा दिये जाने की सूचना है. हालांकि ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव हो गया है, पर वह अमेरिकी हमलों को रोक नहीं पा रहा है. ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने बंदर अब्बास में धमाकों की पुष्टि की है. ईरान के सरकारी प्रेस टीवी के का कहना है कि अबू मूसा द्वीप पर लगभग 10 धमाके हुए हैं. चाबहार और कोनारक में भी 10 विस्फोट सुने गये हैं. अमेरिकी बमबारी और मिसाइल हमलों से शहीद बेहेश्ती पोर्ट, कलंतरी पोर्ट और समुद्री यातायात नियंत्रण टावर को भारी क्षति पहुंची है. ट्रंप ने हमलों की बात को स्वीकारते हुए ट्रुथ सोशल पर चाबहार में उठ रही आग की लपटों की तस्वीर साझा की. ट्रंप ने लिखा कि यह कल ईरान की ओर से जहाजों पर किये गये हमले का जवाब है. साथ ही धमकाते हुए कहा कि ईरान अगर ऐसी कार्रवाई फिर करेगा, तो हम इसका करारा जवाब देंगे. तुर्किये के अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन में शामिल होकर लौट रहे ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि सैन्य हमले के बाद ईरान ने अमेरिका से संपर्क किया. कहा, कि ईरान ने कुछ देर पहले हमें फोन किया था. वे अब डील करने पर आमादा हैं, पर मुझे यह नहीं पता कि वे इसके लायक हैं या नहीं. वे डील का पालन करेंगे या नहीं. यह बड़ी समस्या है.

### ईरान का पलटवार, कुवैत-बहरीन में सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें बरसाई

**तेहरान।** गुरुवार को अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने पलटवार किया. खबर है कि उसने कुवैत और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें बरसाई और ड्रोन हमले किये. हमलों से खाड़ी देशों में दहशत फैल गयी है.हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है. बता दें कि ईरान मे अमेरिकी हमलों के बाद बहरीन, कुवैत और कतर आदि देशों में हड़कंप मच गया है. ईरानी हमलों के डर से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गयी. बहरीन और कतर में एयर रेड अलर्ट जारी किया गया है. कुवैती रक्षा मंत्रालय का दावा है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान के कई ड्रोन और मिसाइलों को बीच रास्ते में ही मार गिराया. ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने बयान जारी कर जानकारी दी कि उसकी नौसेना और एयरोस्पेस फोर्स ने कुवैत के अरिफजान और अली अल सलेम एयर बेस, बहरीन के जुफैर और शेख ईसा स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किये हैं, आईआरजीसी ने कहा कि हमने अमेरिका की आक्रामक कार्रवाई का जवाब दिया है. आईआरजीसी ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने दक्षिणी ईरान के तटीय इलाकों पर हमला कर दोनों देशों के बीच हुआ समझौता तोड़ा है.

# अमेरिका मुर्दाबाद के नारों के साथ सुपुर्द-ए-खाक हुए ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई, ईरान के भविष्य पर दुनिया की नजरें

एजेंसी



**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का अंतिम संस्कार गुरुवार को उनके गृह नगर मशहद में संपन्न हो गया. उन्हें इमाम रजा दरगाह परिसर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया. इसके साथ ही छह दिनों तक चले राजकीय शोक और अंतिम संस्कार कार्यक्रम का समापन हो गया, जिसमें ईरान और इराक के विभिन्न शहरों से लाखों लोगों ने हिस्सा लिया. रायटर्स के अनुसार उनकी अंतिम यात्रा में उनके बेटे अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए. खामेनेई के पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार से पहले तेहरान, कोम और अन्य प्रमुख शहरों में श्रद्धांजलि के लिए रखा गया था. अंतिम दिन उनका ताबूत मशहद पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे. अंतिम यात्रा के दौरान अमेरिका मुर्दाबाद और इजरायल मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए तथा कई लोगों ने खामेनेई को शहीद बताते हुए उनके नेतृत्व को श्रद्धांजलि दी.

**अंतिम संस्कार को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया गया**

ईरानी सरकार ने अंतिम संस्कार को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया है. अधिकारियों के अनुसार, लाखों लोगों की मौजूदगी इस्लामिक गणराज्य के प्रति समर्थन को दर्शाती है. हालांकि अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ के बावजूद देश के भीतर राजनीतिक और सामाजिक ध्रुवीकरण पहले से अधिक गहरा हो चुका है. आर्थिक संकट, महंगाई, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध और हाल के वर्षों में सरकार विरोधी आंदोलनों पर हुई कार्रवाई ने समाज को दो हिस्सों में बांट दिया है. अंतिम संस्कार के दौरान एक महत्वपूर्ण बात यह रही कि खामेनेई के बेटे और उत्तराधिकारी अयातुल्ला मोजतबा खामेनेईसार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए.

# यूरेनियम से एआई तक बड़े समझौते, मोदी बोले- क्रिकेट जैसा मजबूत है भारत-ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता


एजेंसी

**नयी दिल्ली/मेलबर्न।** मेलबर्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को नई मजबूती देने वाले कई अहम समझौतों और साझेदारियों पर सहमति बनी। यूरेनियम सप्लाई, गगनयान मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, रक्षा सहयोग और इंडो-पैसिफिक रणनीति जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों ने सहयोग बढ़ाने का रोडमैप पेश किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता क्रिकेट की तरह है-फोकस वनडे जैसा, फैसले टी-20 की तरह तेज और साझेदारी टेस्ट मैच की तरह मजबूत व दीर्घकालिक है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई, मुक्त एवं सुरक्षित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और भविष्य की तकनीकों में सहयोग को द्विपक्षीय संबंधों की नई प्राथमिकता बताया।

**मोदी-अल्बनीज की संयुक्त प्रेस वार्ता की बड़ी बातें**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को क्रिकेट से जोड़ते हुए कहा कि दोनों देशों की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की मुलाकातें क्रिकेट की तरह होती हैं- एजेंडा वनडे की तरह फोकस्ड, फैसले टी-20 की तरह तेज और साझेदारी टेस्ट मैच की तरह लंबी व भरोसेमंद है। मोदी ने आतंकवाद को पूरी मानवता के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया इस चुनौती के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों की लड़ाई साझा है और सुरक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि अब तक दोनों देशों की सप्लाई चेन तो जुड़ी हुई थी, लेकिन नीतिगत स्तर पर कुछ अंतर बने हुए थे।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी की 10 बातें



1. **यूरेनियम सप्लाई पर बढ़ा सहयोग** : 2015 के परमाणु सहयोग समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया भारत को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम उपलब्ध कराएगा। इससे भारत के स्वच्छ ऊर्जा और परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी।
2. **एआई और सेमीकंडक्टर में संयुक्त रिसर्च** : दोनों देशों ने PACTS (Australia-India Cyber, Critical Technology and Supply Chain Partnership) के तहत अक् क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।
3. **गगनयान मिशन को मिलेगा सहयोग** : भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान और अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रमों में ऑस्ट्रेलिया तकनीकी सहयोग देगा। कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग सुविधाओं को भी मजबूत किया जाएगा।
4. **रक्षा और सुरक्षा सहयोग को नई मजबूती** : दोनों देशों ने संयुक्त रक्षा एवं सुरक्षा घोषणा के तहत सैन्य अभ्यास, खुफिया सहयोग और सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने का फैसला किया।
5. **समुद्री सुरक्षा पर साझा रणनीति** : इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया ने मैरीटाइम सिक्योरिटी रोडमैप पर काम तेज करने और समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया।
6. **क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन पर फोकस** : लिथियम और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए दोनों देशों ने साझेदारी को विस्तार देने पर जोर दिया।
7. **साइबर सुरक्षा में बढ़ेगा सहयोग** : साइबर खतरों से निपटने और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित बनाने के लिए दोनों देशों ने नई तकनीकी साझेदारियों को बढ़ावा देने की घोषणा की।
8. **व्यापार और निवेश को मिलेगी रफ्तार** : ECTA के बाद व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) को आगे बढ़ाने और निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने पर सहमति बनी।
9. **शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट में नए अवसर** : ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के भारत में कैंपस, छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम और माइनिंग स्किल सेंटर जैसी पहल दोनों देशों के युवाओं के लिए नए अवसर खोलेंगी।
10. **आतंकवाद और इंडो-पैसिफिक पर साझा दृष्टिकोण** : भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आतंकवाद को वैश्विक चुनौती बताते हुए इसके खिलाफ सहयोग बढ़ाने तथा मुक्त, सुरक्षित और समावेशी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के समर्थन की प्रतिबद्धता दोहराई।

# एलओसी पहुँचे सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, आतंकवाद रोधी अभियान हुए तेज

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के बीच सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ का श्रीनगर दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नियंत्रण रेखा पर लगातार जारी घुसपैठ की कोशिशों, भीतरी इलाकों में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों और सीमा पार की नई चुनौतियों के बीच सेना प्रमुख ने मोर्चे की पूरी तस्वीर का जायजा लिया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर मुख्यालय में उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सैन्य तैयारियों और युद्धक क्षमता की विस्तार से समीक्षा करते हुए साफ संदेश दिया कि आतंकवाद और उसके पूरे तंत्र को कुचलने के लिए भारतीय सेना हर मोर्चे पर पूरी ताकत और पूरी तैयारी के साथ डटी हुई है। हम आपको बता दें कि सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा पर तैनाती, आतंकवाद विरोधी अभियानों, विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, बदलती सुरक्षा चुनौतियों और चल रही अमरनाथ यात्रा के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग, सैन्य क्षमता में वृद्धि और सभी प्रकार के अभियानों के लिए एकीकृत युद्धक तैयारी की भी समीक्षा की। कठिन परिस्थितियों में कार्यरत अधिकारियों और जवानों की पेशेवर दक्षता तथा शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए उनके समर्पण की उन्होंने खुलकर सराहना की।

देखा जाये तो सेना प्रमुख का यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब राजौरी जिले के दोरीमल गम्भीर मुगलान क्षेत्र के घने जंगलों में चल रहा आपरेशन शेरूवाली लगातार 45 से ज्यादा दिनों से जारी है। मई के अंतिम सप्ताह में शुरू किए गए इस व्यापक आतंकवाद विरोधी अभियान का उद्देश्य दुर्गम पहाड़ी इलाकों में छिपे आतंकवादियों को खोजकर समाप्त करना है। सुरक्षा बल आधुनिक उपकरणों, निगरानी तंत्र और बहु एजेंसी समन्वय के साथ लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अभियान अपने सभी उद्देश्य पूरे होने तक जारी रहेगा। इससे पहले इस अभियान के दौरान मुठभेड़ तेज होने पर अतिरिक्त बल और रसद भेजकर पूरे क्षेत्र की घेराबंदी मजबूत की गई थी, ताकि कोई भी आतंकी जंगलों का लाभ उठाकर भाग न सके।

# महाराष्ट्र के रायगढ़ में बारिश का कहर, 1200 गैस सिलेंडर कागज की नाव की तरह नदी में बहे

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र में बारिश और बाढ़ ने कहर बरपा दिया है. लोग त्राहिमाम हैं. इसी बीच रायगढ़ जिले से एक चौंकाने वाली खबर आयी है. खबर यह है कि भारी बारिश के बीच अचानक आयी बाढ़ में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लगभग 1200 गैस सिलेंडर खिलौनों की तरह पानी में बहते चले गये. एचपीसीएल की खुशकिस्मती इतनी रही कि सभी सिलेंडर खाली थे. इस कारण बड़ा हादसा टल गया. इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में एचपीसीएल के लाल रंग के सिलेंडर तेज पानी में बहते चले जा रहे हैं. यह घटना रायगढ़ जिले के खालापुर तालुका में स्थित चावणे इलाके में घटी है. जिले में लगातार मूसलाधार बारिश जारी है. बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों से निकलने वाले झरनों के जलस्तर ने खतरनाक रूप ले लिया. पानी बहते हुए सीधे चावणे स्थित एचपीसीएल के गैस रिफिलिंग प्लांट में घुस गया. जानकारी के अनुसार प्लांट के अंदर गैस रिफिलिंग के लिए आये लगभग 1200 खाली सिलेंडर रखे हुए थे. बाढ़ का पानी इतनी तेजी से अंदर घुसा कि कर्मचारी हक्के बक्के रह गये. उनके सामने पानी के तेज बहाव में सिलेंडर कागज की नाव की तरह बहने लगे. उन्हें रोकने की कर्मचारियों की कोशिश नाकाम रही. तेज बहाव के साथ सभी 1200 सिलेंडर सीधे आगे चलकर उफनती हुई पातालगंगा नदी में जा गिरे. जिला प्रशासन और कंपनी के आला अधिकारी घटना की जानकारी मिलते ही नदी के पास पहुंचे और घेराबंदी कर दी. प्रशासन ने किसी भी कर्मचारी या स्थानीय लोगों को सिलेंडर पकड़ने के नदी में उतरने की इजाजत नहीं दी.

**मुंबई में लोकल ट्रेनें 30 मिनट लेट**

आर्थिक राजधानी मुंबई में भी एक संक्षिप्त राहत के बाद भारी बारिश और गरज-चमक का दौर फिर लौट आया है। इस मूसलाधार बारिश के कारण मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन सेवाएं 25 से 30 मिनट की देरी से चल रही हैं, जिससे दफ्तर जाने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

# पीएम मोदी की यात्रा से पहले न्यूजीलैंड का फैसला, 57% निर्यात पर पहले दिन से नहीं लगेगा शुल्क

एजेंसी



**न्यूजीलैंड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार (10 जुलाई) से न्यूजीलैंड की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं. यात्रा से पहले न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत-न्यूजीलैंड प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को दोनों देशों के लिए अहम बताया है. उन्होंने कहा कि इससे न्यूजीलैंड के कारोबार को लाभ मिलेगा और भारतीय बाजार में उसकी पहुंच और मजबूत होगी. लक्सन ने समझौते के संभावित आर्थिक फायदे भी गिनाते हुए कहा कि भारत को होने वाले न्यूजीलैंड के कुल निर्यात का 57 प्रतिशत हिस्सा समझौता लागू होने के पहले ही दिन से शुल्क मुक्त हो जाएगा. इससे दोनों देशों के बीच व्यापार को नई गति मिलने की उम्मीद है.

**पीएम लक्सन ने किया सोशल मीडिया पर पोस्ट**

पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- भारत के साथ हमारा व्यापार समझौता न्यूजीलैंड के व्यवसायों के लिए नए अवसर लेकर आएगा. भारत को निर्यात की जाने वाली हमारी 57 प्रतिशत वस्तुएं पहले दिन से ही बिना किसी शुल्क के भारतीय बाजार में प्रवेश कर सकेंगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 11 जुलाई तक न्यूजीलैंड की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे. यह दौरा प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के निमंत्रण पर हो रहा है. बीते 40 सालों में यह पहला मौका है जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री न्यूजीलैंड की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा है. ऑकलैंड में दोनों नेता द्विपक्षीय वार्ता करेंगे.

**भारत-न्यूजीलैंड दोनों को एफटीए से होगा फायदा-परमजीत कौर परमार**

न्यूजीलैंड की सांसद परमजीत कौर परमार ने भी भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है. उन्होंने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के व्यवसायों, उत्पादकों और उपभोक्ताओं को काफी लाभ मिलेगा. न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए परमार ने व्यापार समझौते को लेकर उठ रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि जब न्यूजीलैंड ने चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया था, तब भी कुछ लोगों ने इसका विरोध किया था. परमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता देश के व्यवसायों के हितों की रक्षा करना है और यह समझौता दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा.

## सीआईडी ने बरुईपुर एनकाउंटर मामले की जांच अपने हाथ में ली

**कोलकाता:** बरुईपुर में नाबालिग के साथ रेप और हत्या के चर्चित मामले के मुख्य आरोपी प्रभास मंडल की पुलिस फायरिंग में मौत के मामले में प्रशासन हरकत में आ गया है. अब सीआईडी इस एनकाउंटर की जांच करेगी. घटना के हर पहलू की जांच के लिए कई कदम उठाए जा चुके हैं. सूत्रों के मुताबिक भबानी भवन ने घटना के समय मौके पर मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की एक लिस्ट तैयार की है. इसके अलावा जांचकताओं ने उस पुलिस अधिकारी से अलग से पूछताछ की है जिसकी गोली से प्रभास मंडल की मौत हुई थी. क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट बरुईपुर में नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप और हत्या के मामले में आरोपी प्रभाष मंडल के एनकाउंटर केस की जांच करेगा. सीआईडी जांचकर्ता इस एनकाउंटर से जुड़े हालात की जांच करेंगे. बरुईपुर जिले के पुलिस सुपरिटेंडेंट पहले ही मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों से अलग-अलग बात कर चुके हैं और उनके बयान दर्ज किए जा चुके हैं. अब खबर है कि सीआईडी जांचकर्ता घटना के बारे में बारुईपुर जिला पुलिस के अधिकारियों से भी अलग से बातचीत कर सकते हैं. पता चला है कि घटना के समय की असल स्थिति और किन हालात में गोली चलाने का फैसला लिया गया, यह जानने के लिए हर पुलिस अफसर का बयान अलग-अलग रिकॉर्ड किया जा रहा है. पुलिस सूत्रों का कहना है कि बरुईपुर जिले के पुलिस सुपरिटेंडेंट ने घटना वाली जगह पर मौजूद अफसरों से खुद बात की और उनके बयान दर्ज किए.

# दुनिया की पहली साप्ताहिक इंसुलिन भारत में हुई लॉन्च, डायबिटीज मरीजों को बड़ी राहत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** डेनमार्क की बड़ी दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने गुरुवार को भारत में वयस्कों में डायबिटीज के इलाज के लिए अपना हफ़्ते में एक बार लगने वाला बेसल इंसुलिन इंजेक्शन 'अविकली' लॉन्च किया। इसके साथ ही भारत इस थेरेपी को पेश करने वाला सातवां बाजार बन गया है। यह टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्कों के लिए दुनिया की पहली ऐसी बेसल इंसुलिन है जो हफ़्ते में सिर्फ़.एक बार लेनी होती है। इससे डायबिटीज के इलाज में एक बड़ा बदलाव आया है, क्योंकि इंसुलिन इंजेक्शन की संख्या साल में 365 से घटकर सिर्फ़. 52 रह गई है। इंसुलिन एक हार्मोन है जो ग्लूकोज (शुगर) को खून से निकालकर कोशिकाओं (सेल्स) तक पहुँचाने में मदद करता है, ताकि यह खून में जमा न हो। टाइप 1 डायबिटीज या एडवांस्ड टाइप 2 डायबिटीज वाले मरीजों को अपने ब्लड शुगर को सही रेंज में रखने के लिए इंसुलिन लेनी पड़ती है–आमतौर पर दिन में एक बार और कभी-कभी दिन में कई बार। कंपनी ने कहा कि Awiqli को टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस वाले लोगों के लिए बनाया गया है। यह रोजाना बेसल इंसुलिन इंजेक्शन लेने की जरूरत को खत्म करके, हफ़्ते में एक बार दी जाने वाली डोज की सुविधा देता है। इससे सालाना इंजेक्शन की संख्या 365 से घटकर सिर्फ़.52 रह जाती है। नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रांत श्रोत्रिय ने बताया कि यह एक आधुनिक थेरेपी है और हम (भारत) इसे लॉन्च करने वाले सातवें देश हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह इंजेक्शन दो तरह के पेन में उपलब्ध होगा - 700 यूनिट और 2,100 यूनिट, और इसकी कीमत ?3.73 प्रति यूनिट होगी। डायबिटीज के मरीजों को लगने वाले इंजेक्शन की संख्या कम होने से, कंपनी ने कहा कि इंसुलिन की जरूरत से जुड़ी बाधाएँ कम हो जाएँगी।

# संक्षिप्त खबर

## पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के चार स्टाफ सदस्यों के हटाये जाने को कांग्रेस ने घोटाले से जोड़ा



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के चार प्रमुख स्टाफ सदस्यों (निजी सचिव और अतिरिक्त निजी सचिवों) को हटाये जाने पर मोदी सरकार पर हमला बोला है. कहा है कि इस मामले में घोटाले की बू आ रही है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि इस कार्रवाई के पीछे राजस्थान के Sarisk टाइगर रिजर्व की सीमा में बदलाव लाकर खनन कंपनियों को फायदा पहुंचाने से जुड़ा घोटाला हो सकता है. जयराम रमेश ने आज गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जून 2025 से पर्यावरण मंत्रालय और राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा सरिस्का के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट की सीमा फिर से निर्धारित करने के प्रयास किये जा रहे थे, जिससे 50 से अधिक खनन कंपनियों को लाभ पहुंचता. कांग्रेस का मानना है कि इसी बड़े घोटाले'के कारण इन अधिकारियों की बर्खास्तगी हुई है. जयराम रमेश ने याद दिलाया कि 20 सितंबर, 2025 को भारतीय वन सर्वेक्षण ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजे अपने पत्र में अरावली पर्वतमाला की पुनर्परिभाषा का कड़ा विरोध किया था. ऐसी पुनर्परिभाषा से अरावली क्षेत्र खनन और रियल एस्टेट विकास के लिए खुल जाता. सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी और सुप्रीम कोर्ट के एमिकस क्यूरी ने भी FSI के रुख का समर्थन किया था. इसके बावजूद मंत्रालय पुनर्परिभाषा के पक्ष में खड़ा रहा.

## नीट पेपर लिक मामला : सीजेपी का 20 जुलाई को संसद मार्च, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग




**नयी दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी, जिसके जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन का गुरुवार को 20वां दिन था, ने घोषणा की कि वह मॉनसून सत्र के पहले दिन, यानी 20 जुलाई को संसद तक विरोध मार्च निकालेगी। युवाओं के नेतृत्व वाले इस संगठन ने, जो परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहा है, दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाया कि भारी बारिश के बावजूद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को विरोध स्थल पर तिरपाल लाने से रोका। गुरुवार सुबह जारी एक बयान में सीजेपी ने कहा कि 20 जुलाई को संसद तक उनका मार्च जंतर-मंतर से शुरू होगा। इस मार्च में शिक्षाविद और क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल होंगे, जो 28 जून से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। सीजेपी ने देश भर के छात्रों, अभिभावकों और नागरिकों से इस मार्च में शामिल होने की अपील की है, ताकि उन छात्रों को न्याय मिल सके जिन्होंने कथित तौर पर अनियमितताओं के कारण ठएएळ-वऋपरीक्षा रद्द होने के बाद अपनी जान दे दी थी। बुधवार रात को एक पोस्ट में वांगचुक ने देशभर के लोगों से मार्च में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि संसद इस मुद्दे को उठाने के लिए सबसे उपयुक्त मंच है। उन्होंने कहा कि मेरी भूख हड़ताल तोड़ने के लिए आप सभी के संदेशों के लिए धन्यवाद, लेकिन इससे न तो आत्महत्या करने वाले 20 छात्रों की मदद होगी और न ही लद्दाख के पहाड़ों या भारत की नदियों की रक्षा होगी। वांगचुक की पोस्ट में लिखा था कि अगर आप सच में मदद करना चाहते हैं, तो आरामदायक सोफे पर बैठकर सिर्फ. मैसेज भेजने से कहीं ज्यादा कुछ कीजिए; 20 जुलाई को दिल्ली आइए और जंतर-मंतर पहुँचिए, जब भारतीय संसद का मॉनसून सत्र शुरू होगा।

## मणिपुर विधानसभा चुनाव 2027: बीजेपी को हराने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने रणनीति बनाने का दिया निर्देश



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस हाईकमान ने पार्टी की राज्य इकाई से आगामी मणिपुर विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने और जनता से जुड़े मुद्दों, जिसमें कथित तौर पर कानून-व्यवस्था की गिरावट और भ्रष्टाचार शामिल है, पर बीजेपी सरकार को घेरने की रणनीति बनाने को कहा है. कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने जनता के बीच पहुंचने और उन सभी मुद्दों को उजागर करने पर जोर दिया है जिनमें सत्तारूढ़ सरकार पूरी तरह विफल रही है और जनता को यह समझाया जाए कि मणिपुर में कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है. कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में मणिपुर की दोनों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी, जिससे पार्टी उत्साहित है. मणिपुर कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ बीजेपी को बाहर कर देगी, और शीर्ष नेतृत्व ने राज्य में जमीनी स्तर पर पार्टी को और मजबूत करने पर भी जोर दिया है. उन्होंने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल के साथ हुई पार्टी की राज्य इकाई के नेताओं की बैठक का जिक्र किया. वेणुगोपाल ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस प्रमुख ओकराम इबोबी सिंह, कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता के मेघचंद्र सिंह और राज्य प्रभारी सप्तगिरी उलाका से मुलाकात की.

## साबरकांठा में चांदीपुरा वायरस से तीन बच्चों की मौत, दो की हालत गंभीर

**साबरकांठा (गुजरात):** राज्य में चांदीपुरा वायरस का खतरा लगातार बढ़ता दिख रहा है. साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर सिविल अस्पताल में पिछले 11 दिनों में तीन बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य बच्चे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं. हालांकि, प्रशासन ने निगरानी का काम शुरू कर दिया है. हिम्मतनगर सिविल अस्पताल में भर्ती 7 बच्चों में से 3 बच्चों की मौत चांदीपुरा वायरस के कारण हुई है. मरने वाले बच्चों में एक 6 साल का बच्चा राजस्थान का है, जबकि बाकी दो बच्चे पंचमहल और साबरकांठा जिलों के हैं. इन सभी बच्चों की मौत पिछले 11 दिनों में हुई है. हालांकि, 2 बच्चों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी रिपोर्ट का इंतजार है. अन्य 2 बच्चों की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है. इस गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है. वायरस को और फैलने से रोकने के लिए प्रभावित इलाकों में सघन निगरानी शुरू कर दी गई है. हिम्मतनगर सिविल अस्पताल के बाल चिकित्सा वार्ड में चांदीपुरा वायरस से पीड़ित बच्चों का इलाज चल रहा है. स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित इलाकों में कड़ी निगरानी शुरू कर दी है. साल 2024 में इस वायरस की वजह से 6 से 7 बच्चों की मौत हुई है. चांदीपुरा वायरस 'सैंडफ्लाई' (रेत की मक्खी) के काटने से फैलता है.



# कमल हासन ने बताया अंडरवर्ल्ड और काले धन का कड़वा सच...


**मुंबई।** फिल्म निर्माता कमल हासन ने साल 2017 में एक इवेंट में बताया था कि उन्होंने बॉलीवुड से दूरी क्यों बनाई। उस इवेंट में उन्होंने कहा था कि फिल्म इंडस्ट्री के अंडरवर्ल्ड से रिश्ते और काले धन का खेल उन्हें बहुत असहज करता था। उन्होंने अपने शब्दों में कहा था, 'मैं वहां नहीं रुकना चाहता था, या तो उससे लड़ूं या फिर डर के आगे झुक जाऊं।' कमल ने बताया कि काले धन से दूर रहने का यह फैसला उन्होंने बहुत पहले अपने भाई के साथ मिलकर लिया था। उन्हें यह प्रेरणा सिनेमैटोग्राफर विंसेंट से मिली थी। 1980 के दशक में 'एक दूजे के लिए' और 'सागर' जैसी हिट फिल्में देने के बाद भी, इसी फैसले की वजह से उन्होंने बॉलीवुड के बजाय ज्यादातर तमिल सिनेमा में अपना करियर बनाया।

लाइफ Style

# दीपिका
## पहले फराह की सलाह ने बदली राह

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार दीपिका पादुकोण ने साल 2007 में सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से हिंदी सिनेमा में एक धमाकेदार शुरुआत की थी। फराह खान के निर्देशन में बनी इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में शाहरुख और दीपिका दोनों ही दोहरे किरदारों (डबल रोल) में नजर आए थे।

हाल ही में रिलीज हुए अपने एक नए कुकिंग व्लॉग में फराह खान ने बताया कि उन्होंने अपनी खोज यानी दीपिका पादुकोण को उनकी पहली फिल्म 'ओम शांति ओम' के सेट पर उतारने से पहले कितनी कड़ी तैयारी करवाई थी। फराह खान ने बताया कि उन्होंने दीपिका को सीधे कैमरे के सामने खड़ा नहीं किया था। फराह ने कहा, मैंने दीपिका को लॉन्च करने से पहले उसका बहुत ख्याल रखा। फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने उसे करीब 3-4 महीनों के लिए अनुपम खेर की एक्टिंग क्लास में भेजा, ताकि वह अभिनय की बारीकियां सीख सके। इसके बाद उसकी बॉडी लैंग्वेज को बेहतर करने के लिए मैंने उसे कथक डांस की क्लास जॉइन करवाई। हमने फिल्म के किरदारों के लिए उसके कई अलग-अलग लुक टेस्ट भी किए थे। फराह ने आगे एक बेहद दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए बताया, "जब फिल्म की मुख्य शूटिंग शुरू हुई, तो मैंने पहले 10 दिनों तक दीपिका का कोई भी सीन शूट नहीं किया। मैंने उससे साफ कह दिया था कि तुम पहले 10 दिन बस सेट पर आओगी और वहां चुपचाप बैठकर देखोगी कि शाहरुख खान कैसे काम करते हैं और श्रेयस तलपड़े किस तरह दृश्यों को जीवंत बनाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



## हाउस ऑफ द ड्रैगन का जलवा
# बरकरार

**लॉस एंजिल्स।** 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' के तीसरे सीजन की शुरुआत धमाकेदार रही है। इसे पहले 3 दिनों में 2.15 करोड़ लोगों ने देखा है। यह संख्या पिछले सीजन के शुरुआती एपिसोड के 2.34 करोड़ व्यूअर्स से थोड़ी कम जरूर है। इसके बावजूद, शो की पकड़ दर्शकों पर बनी हुई है और अब निर्माताओं के चौथे और आखिरी सीजन की तैयारी कर रहे हैं। 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' सीजन 1 बना हुआ है सबसे बड़ा एचबीओ लॉन्च- शो का सीजन 1 आज भी सबसे बड़ा एचबीओ लॉन्च माना जाता है। इसने 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के खत्म होने के बाद एचबीओ के लिए कई नए रिकॉर्ड बनाए थे।




# फिल्म 'डोंकी' की रिलीज तारीख का ऐलान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड निर्देशक चार्ली बीन की एनिमेटेड फिल्म 'डोंकी' से जुड़ा सबसे बड़ा अपडेट आ गया है। एनिमेशन फिल्में बनाने वाले ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने यूनिवर्सल पिक्चर्स के साथ मिलकर फिल्म की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया। यह चर्चित एनिमेटेड फिल्म 'श्रेक' (2001) फ्रैंचाइजी की एक स्पिन-ऑफ होगी, जो श्रेक के मजेदार और बड़बोले दोस्त डोंकी की शुरुआती कहानी को दिखाएगी। मशहूर अभिनेता एडी मर्फी एक बार फिर 'डोंकी' के किरदार को अपनी जादुई आवाज देंगे। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने कुछ दिन पहले 'श्रेक 5' का टीजर जारी करते हुए बताया था कि फिल्म 2027 की गर्मियों में रिलीज किए जाने की योजना है। अब निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर 'डोंकी' की रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है। 'श्रेक 5' की रिलीज के एक साल बाद, यानी 30 जून, 2028 को यह स्पिन-ऑफ सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।



# हॉलीवुड में मेरा बेस्ट काम अभी बाकी

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा उन गिने-चुने भारतीय कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपनी सफलता के झंडे गाड़े हैं। प्रतिष्ठित 'कान लायंस' सम्मेलन में अपने हॉलीवुड सफर पर चर्चा करते हुए प्रियंका ने वैश्विक मंच पर और अधिक विविध काम करने की इच्छा जताई। 'बेवॉच', 'द मैट्रिक्स रेजरेक्शन्स' और हालिया एडवेंचर फिल्म 'द ब्लफ' जैसी हॉलीवुड फिल्मों में अभिनय करने के बाद भी उनका कहना है कि पश्चिमी सिनेमा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है। उन्होंने साझा किया कि भारत में उन्होंने बेहतरीन निर्देशकों के साथ हर तरह के जॉनर और किरदारों को जिया है, लेकिन अमेरिका में अंग्रेजी भाषा के काम में वे अभी तक वैसी विविधता नहीं ला पाई हैं।



# मिर्जाः द मूवी में दिखेंगे खूंखार अवतार

**मुंबई।** 'मिर्जापुरः द मूवी' के नए कैरेक्टर पोस्टर सामने आ गए हैं। इन पोस्टरों में फैंस को जितेंद्र कुमार, अभिषेक बनर्जी और रवि किशन के किरदारों की पहली झलक देखने को मिली है। इससे पहले एक टीजर भी आया था, जिसमें कालीन भैया, गुड्डू पंडित और मुन्ना भैया जैसे आइकॉनिक किरदार दोबारा दिखाए गए थे। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह बढ़ गया है। जितेंद्र बबलू पंडित के किरदार में हैं और वे हथियार पकड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिषेक बनर्जी एक बार फिर इंटेंस कंपाउंडर के रूप में लौट रहे हैं, वहीं रवि किशन बबन बबुआ बनकर एक दमदार अवतार में दिखेंगे। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है और इसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है।

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 20': चारू ने क्यों ठुकराया सलमान का शो? कारण छू लेगा दिल

**मुंबई।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस सीजन 20' को लेकर सोशल मीडिया पर हलचल शुरू हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो इस साल शो सितंबर के आखिर तक टीवी पर वापसी कर सकता है। निर्माताओं ने जानी-मानी हस्तियों को शो में शामिल करने के लिए उनसे संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। अभिनेत्री चारू असोपा को भी प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकारने की बजाए ठुकरा दिया।

# 'धर्मन' के लिए कसी कमर जबरदस्त है थलाइवा का अंदाज

**मुंबई।** तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'थलाइवर 173' का आधिकारिक नामकरण हो चुका है। इसे 'धर्मन- द डेडली डॉक्टर' शीर्षक दिया गया है। हाल ही में निर्माताओं ने इस ऐलान के साथ अभिनेता की पहली झलक भी सोशल मीडिया पर जारी की थी। अब ताजा अपडेट है कि सुपरस्टार ने अपनी इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उनका एक और पोस्टर जारी किया गया है, जिससे फैंस के बीच उत्साह का माहौल है।



### डॉक्टर के लुक में दमदार दिखे रजनीकांत

राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर रजनीकांत का पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता डॉक्टर का खून से लथपथ कोट हाथ में पकड़े हुए हैं। दूसरे हाथ में उनका पहचान पत्र है, जबकि गले में स्टेथोस्कोप पड़ा हुआ है और जमीन पर कई सारी बंदूक की गोलियां बिखरी हुई हैं। उनका यह अंदाज एक ऐसे डॉक्टर की एक्शन से भरपूर कहानी की तरफ संकेत देता है, जिसका एक खतरनाक विद्रोही पक्ष भी है।

### रजनीकांत और कमल हासन की एक साथ वापसी

निर्माता कमल हासन ने 'थलाइवर 173' का ऐलान इसी साल जनवरी में किया गया था। इसके जरिए वह और रजनीकांत पेशेवर तौर पर करीब 47 साल बाद साथ में आ रहे हैं। दोनों की आखिरी फिल्म 'अल्लाउदीनम अर्पुथा विलाक्कुम' (1979) में आई थी। राशि खन्ना भी फिल्म में शामिल हो चुकी हैं और कुछ दिन पहले उन्होंने सेट से मुहूर्त की तस्वीरें साझा की थीं। इस परियोजना के निर्देशन की कमान अश्वथ मारिमुथु ने संभाली है।

# 'वेलकम 2 द जंगल' की कमाई से होगी वीर नारियों की मदद, निर्माता ने किया ऐलान...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसी बीच फिल्म के निर्माता फिरोज ए नाडियाडवाला ने देशभक्ति और इंसानियत की एक अनोखी मिसाल पेश की है। उन्होंने अपनी इस फिल्म की कमाई का एक हिस्सा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद जवानों की विधवाओं (वीर नारियों) के कल्याण के लिए दान करने का एक बेहद नेक और बड़ा संकल्प लिया है।




### नाडियाडवाला का दिल जीतने वाला संकल्प

फिरोज ने ऐलान किया कि फिल्म की कमाई का एक हिस्सा भारतीय सशस्त्र बलों के शहीद जवानों की वीर नारियों के कल्याण के लिए दान किया जाएगा। ये राशि इस दिशा में काम करने वाले संगठनों को दी जाएगी। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म की कहानी भी भारतीय सेना की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें मुख्य किरदार शुरुआत में आर्मी अफसर बनने का नाटक करते हैं, लेकिन बाद में देश की मदद के मिशन में जुट जाते हैं।

### *फिरोज की फिल्म निर्माताओं से अपील*

*फिरोज नाडियाडवाला ने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी सिर्फ बड़ी कंपनियों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की होती है। उनका मानना है कि सभी को एक-दूसरे की मदद कर दुनिया को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य दूसरे फिल्म निर्माताओं को भी प्रेरित करना है। फिरोज ने सभी निर्माताओं से अपील की कि वे अपनी फिल्मों की कमाई का कुछ हिस्सा एनजीपी, खासकर अनाथ लड़कियों की मदद करने वाली संस्थाओं को दान करें।*




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.